   ...अनुभाग ने देख लिया है।
4. Minister has seen.
   मंत्री जी ने देख लिया।
5. Seen in the Ministry (Deptt.) of...
   ......मंत्रालय (......विभाग) में देख लिया गया।
6. For information only.
   केवल सूचना के लिए।
7. Submitted for orders.
   आदेश के लिए प्रस्तुत है।
8. Submitted for information.
   सूचना (जानकारी) के लिए प्रस्तुत है।
9. Papers have been amalgamated.
   कागज पत्र मिला दिए गए हैं।

10. Reference notes on prepage. This Section has got no such information to furnish.
    पिछले पृष्ठ पर टिप्पणी के संदर्भ में। इस अनुभाग के पास इस प्रकार की कोई सूचना देने के लिए नहीं है।

11. Kindly acknowledge.
    कृपया पावती भेजिए।
12. The receipt of the letter has been acknowledged.
    पत्र मिलने की सूचना भेज दी है। (पावती भेज दी गई है)
13. The p. u. c. has not been acknowledged.
    विचाराधीन पत्र की प्राप्ति की सूचना नहीं भेजी गई है।

14 Needful has been done.
जरूरी कार्रवाई कर दी गई है ।

15. Draft reply is put up for approval.
उत्तर का मसौदा अनुमोदन के लिए प्रस्तुत है ।

16. Draft as directed by...is submitted for approval.
······के निदेशानुसार मसौदा अनुमोदन के लिए प्रस्तुत है ।

17. Notes and orders at pages...may be seen in this connection.
इस सम्बन्ध में पृष्ठ···पर दिए गए आदेश और टिप्पणियां देख ली जाएं ।

18. Submitted with reference to Secretary's note above.
सचिव की ऊपर की टिप्पणी के प्रसंग में प्रस्तुत है ।

19. Director General may please see for approval.
महानिदेशक कृपया अनुमोदन के लिए देखें ।

20 Please see the preceding notes.
कृपया पिछली टिप्पणियां देख लें ।

21 Will all concerned Sections of the Ministry send to...... Section material for the.........immediately and latest by......? The material should be very brief and not exceed ...pages.

क्या मंत्रालय के सभी सबंधित अनुभाग······के लिए सामग्री तत्काल या अधिक-से-अधिक······तक······अनुभाग को भेज देंगे ? यह सामग्री बहुत ही संक्षिप्त होनी चाहिए और किसी भी हालत मे······पृष्ठों से अधिक नहीं होनी चाहिए ।

22. The requisite information is given in the statement enclosed in duplicate/triplicate is so far as.........Section/the marginatly noted organisation is/are concerned

जहां तक······अनुभाग/हाशिए में दिए गए संगठनों का सम्बन्ध है, अपेक्षित जानकारी साथ मे लगे विवरण में दो/तीन प्रतियों मे भेजी जा रही है ।

23. The information we had called for on this subject from our attached/subordinate offices has so far been furnished by only five of them. The remaining offices may be asked to send the requisite information by the 31st August.

इस विषय में हमने संलग्न/अधीनस्थ कार्यालयों से जो सूचना मांगी थी, वह अब तक उनमें से केवल पांच ने भेजी है । शेष (बाकी) कार्यालयों से अपेक्षित सूचना 31 अगस्त तक भेज देने को कहा जाए ।

24. Will the undermentioned Section(s) kindly refer to this Section's circular of even number dated the.........on the subject noted above and furnish the requisite information without any further delay?

क्या नीचे लिखे अनुभाग कृपया उक्त विषय पर इस अनुभाग के इसी संख्या के तारीख के परिपत्र को देखेंगे और अपेक्षित जानकारी बिना और विलम्ब किए भेजवा देंगे।

25. So far as......Section is concerned, the information for inclusion in the Monthly Summary for the Cabinet for the period from...to...may be treated as 'nil'.

जहां तक······अनुभाग का सम्बन्ध है, मंत्रिमण्डल (केबिनेट) को जाने वाले मासिक साराश में शामिल करने के लिए ···से ...तक की सूचना 'कुछ नहीं' समझी जाए।

26. The report of the week ending...on the above subject in so for as Section is concerned, may be treated as 'nil'.

जहां तक···अनुभाग का सम्बन्ध है, उक्त विषय पर को समाप्त होने वाले सप्ताह की रिपोर्ट 'कुछ नही' (या 'शून्य') समझी जाए।

27. ....Section has nothing to suggest for inclusion in the fortnightly statement to be submitted for the information of Deputy Minister/Minister for......in respect of the fortnight ending...—

मंत्री/उपमत्री के सूचनार्थ...को समाप्त होने वाले पखवाड़े के बारे में भेजे जाने वाले पाक्षिक विवरण में शामिल किए जाने के लिए—अनुभाग को कोई सुझाव नहीं देना है।

28. The statements showing cases which could not be finally disposed of within one month are placed below.

ऐसे मामलों के विवरण, जिनका निपटारा एक महीने के भीतर पूरी तरह से नहीं हो पाया, नीचे रखे हैं।

29. Weekly arrears statement for the week ending...is submitted for perusal.

—······को समाप्त होने वाले सप्ताह की बकाया का साप्ताहिक विवरण अवलोकन के लिए प्रस्तुत है।

30. A list of cases disposed of without reference to H.M. during week ending—is placed below. General Section may please remove it.

——·——को समाप्त होने वाले सप्ताह में जिन मामलों का निपटारा मन्त्री महोदय को बिना दिखाए किया गया, उनकी पूरी सूची नीचे रखी है। सामान्य अनुभाग कृपया निकाल दें।

31. A statement showing the fees paid to lawyers during the quarter ending—has been prepared and may be sent to the Co-ordination Section.

………को समाप्त हुई तिमाही में वकीलों को दी गई फीस का विवरण तैयार कर लिया गया है। इसे समन्वय अनुभाग को भेज दिया जाए।

32. This Section has no material for inclusion in the monthly note to the Indian Missions abroad for the period ending…… Admn Section may please see for information

………को समाप्त होने वाली अवधि के सम्बन्ध में भारतीय दूतावासों को जाने वाले मासिक नोट मे सम्मिलित करने योग्य कोई सामग्री इस अनुभाग के पास नही है। प्रशासन अनुभाग कृपया सूचना के लिए देखले ।

33. The quarterly progress report in respect of translation of English forms in Hindi for the period ending...may be sent to the Ministry of Home Affairs. Draft is put up.

अंग्रेजी फार्मों के हिन्दी अनुवाद की त्रैमासिक प्रगति की रिपोर्ट……को समाप्त हुई अवधि के लिए गृह मन्त्रालय को भेज दी जाए। मसौदा (प्रारूप) प्रस्तुत है।

34. A copy of above-mentioned report is circulated among all Sections in...Division (except..) for their information and necessary action, if any. Sections other than.. may keep extracts of relevant portions if they so desire. After circulation the copy may be retained by.. Section.

ऊपर उल्लिखित रिपोर्ट की एक प्रति…… ……प्रभाग के सभी अनुभागों में (………अनुभाग को छोड़कर) उनकी सूचना और आवश्यक कार्रवाई के लिए (यदि कोई करनी हो) घुमाई जा रही है।………अनुभाग को छोड़कर बाकी सभी अनुभाग, यदि चाहें, तो संगत अंशों के उद्धरण अपने पास रख लें। सभी अनुभागों में घुमाने के बाद प्रति………अनुभाग में रख ली जाए।

35. The information asked for by the Ministry of Education vide portion side-lined 'A' of their note dated 15-6-69, has been furnished by the office of......in their preceding note. The Ministry of Education may kindly see.

शिक्षा मन्त्रालय ने दिनांक 15-6-69 की अपनी टिप्पणी के 'क' चिह्नित भाग में जो सूचना मांगी थी वह……कार्यालय ने अपनी पिछली टिप्पणी में दे दी है। शिक्षा मन्त्रालय कृपया देखें।

36. The required information is being obtained from......and will be furnished on receipt.

अपेक्षित जानकारी………से मंगाई जा रही है और प्राप्त होने पर भेज दी जाएगी।

37. A resume of the case is given in the ensuing paragraphs.
इस मामले का संक्षेप में सार आगे के पैराग्राफों में दिया जा रहा है ।

38. A chronological summary of the case is placed below.
इस मामले का तारीखवार सारांश नीचे रखा है ।

39. A revised draft memorandum is put up as desired by.......
.........की इच्छानुसार ज्ञापन का परिशोधित मसौदा प्रस्तुत है ।

40. Relevant orders are flagged.
संगत आदेशों पर पर्चिया लगा दी गई हैं ।

41. The case is fully explained in the noteat pp......anti/page...... et seq
इस मामले को पीछे पृष्ठ/पृष्ठ......और उसने आगे की टिप्पणियों में भली भांति स्पष्ट किया गया है ।

42. In this connection attention is invited to the noting at pp...... of file No.........
इस सम्बन्ध में फाइल संख्या...के पृष्ठ...की टिप्पणी की ओर ध्यान आकर्षित किया जाता है ।

43. Chief Controller has returned the papers.
मुख्य नियंत्रक ने कागज लौटा दिए हैं ।

44. The F.R. may please be seen for information.
वई आवती सूचना के लिए देख लें ।

45. Draft has been amended accordingly.
मसौदा तदनुसार संशोधित कर दिया गया है ।

46. The case is resubmitted as directed on prepage.
पिछले पृष्ठ पर दिए गए निदेश के अनुसार मामला फिर से प्रस्तुत किया जाता है ।

47. The proposal is self-explanatory.
प्रस्ताव अपने आप में स्पष्ट है ।

48. A short history of the case under consideration is given on pp 7-9 ante.
विचाराधीन मामले का संक्षिप्त वृत्त पीछे पृष्ठ 7—9 पर दिया गया है ।

49. Noting on p. 3 ante recalls the case.
पिछले पृष्ठ 3 की टिप्पणी इस मामले का स्मरण कराती है ।

50. Noting at pp. 10-14 ante may please be glanced through.
पीछे पृष्ठ 10—14 के टिप्पण पर कृपया निगाह डाल ली जाए ।

51. No further action is called for
आगे कोई कार्रवाई अपेक्षित नहीं है।

52. This may please be treated as urgent.
कृपया इसे अविलम्बनीय समझें।

53. We may await the minutes of the meeting held in the Ministry of Home Affairs on 15th June, 1969.

हम 15 जून, 1969 को गृह मंत्रालय में हुई बैठक के कार्यवृत्त की प्रतीक्षा कर लें।

54. A copy of p. u. c. has been sent to the Chief Engineer by General Section. He will no doubt furnish the requisite information by 26-1-69. If the information is not received by the prescribed date, a reminder will be put up. At present the p. u. c. is for information only.

सामान्य अनुभाग द्वारा विचाराधीन पत्र की एक प्रतिलिपि मुख्य इन्जीनियर को भेज दी गई है। वह निःसंदेह 26-1-59 तक अपेक्षित सूचना भेज देंगे। यदि विहित तारीख तक सूचना न मिली तो अनुस्मारक प्रस्तुत कर दिया जाएगा। इस समय विचाराधीन पत्र केवल सूचना के लिए है।

(2) दूसरों को भेजना, सम्मति, कागज आदि मंगाना, स्थिति मालूम करना

55. We are not concerned with this
इसका हमसे सम्बन्ध नहीं है।

56. This may be passed on to...for necessary action.
इसे आवश्यक कार्रवाई के लिए......को भेजा जाए।

57. The papers are sent herewith.
कागज-पत्र इसके साथ भेजे जा रहे हैं।

58. Ministry of...may be consulted
मंत्रालय से परामर्श किया जाए।

59. The required papers are placed below
अपेक्षित कागज-पत्र नीचे रखे हैं।

60. The file in question is placed below
उपर्युक्त मिसिल (फाइल) नीचे रखी है।

61. Requisite files are placed below
अपेक्षित मिसिलें (फाइलें) नीचे रखी हैं।

62. The papers asked for by the Ministry of...have been added to this file. These may be returned when done with.

......मंत्रालय ने जो कागज मांगे हैं वे इस फाइल के साथ दिए गए हैं। काम हो जाने पर इन्हें वापस लौटा दिया जाए।

63. Returned in original with the remarks that the requisite information has already been sent in this office letter No.. .. dated

इसे मूल रूप मे ही इस टिप्पणी के साथ लौटाया जाता है कि अपेक्षित सूचना इस कार्यालय के दिनांक..........के पत्र सं०..........द्वारा पहले ही भेजी जा चुकी है।

64. Ministry (Deptt.) may see the preceding note with reference to their query at prepage.

.........मंत्रालय (विभाग) पिछले पृष्ठ पर की गई पूछताछ के सम्बन्ध मे इससे पहले की टिप्पणी देख लें।

65. Return of the file (papers) may kindly be expedited
मिसिल (कागज-पत्र) कृपया शीघ्र वापस कीजिए।

66. Seen and passed on to......for necessary action
देख लिया। इसे......को आवश्यक कार्रवाई के लिए भेजा जा रहा है

67. Return of the main file may be awaited
मुख्य मिसिल के वापस आने की प्रतीक्षा की जाए।

68. Seen and returned with thanks
देखकर सधन्यवाद वापस किया जाता है।

69. Delay in returning the file is regretted
फाइल को लौटाने मे हुई देरी के लिए खेद है।

70. Will...kindly arrange to supply per bearer the undermentioned paper (s) for use in this Minisry.?

क्या.........कृपया नीचे लिखे कागज-पत्र इस मंत्रालय में उपयोग के लिए वाहक के हाथ भेजने की व्यवस्था करेंगे ?

71. A copy of the Ministry of Home Affairs O. M. No ...dated ...is placed on the file.

गृह मंत्रालय के दिनांक......के ज्ञापन सं०......की प्रतिलिपि फाइल में रख दी गई है।

72. Ministry of...may please see and remove their file.
मंत्रालय कृपया देखें और अपनी फाइल निकाल लें।

73. The Department file No...dealing with the subject is placed below. Pages 15-16/n and page 6/c may please be seen.

इस विभाग की इस विषय से सम्बन्धित फाइल संख्या———नीचे रखी है। कृपया पृष्ठ 15-16/टिप्पणी और पृष्ठ 6/पत्राचार देख लें।

74. The matter is still under consideration of the Ministry of Finance.

मामला अभी भी वित्त मंत्रालय के विचाराधीन है।

75. .. ...Section has no comments to offer.

·········अनुभाग का इस पर कोई टिप्पणी नही करनी है।

76. This may be kept pending till a decision is taken on the main file.

मुख्य मिसिल पर निर्णय होने तक इसे रोक रखिए।

77. The file may be referred to the Ministry of . for comments.

यह मिसिल टिप्पणी के लिए······मंत्रालय को भेज दी जाए।

78. Ministry (Deptt,) of...may kindly see for remarks in the first instance.

पहले·········मंत्रालय (विभाग) इसे देखकर कृपया अपने विचार प्रकट करें।

79. We may ask the Ministry of Home Affairs to reconsider.

हम गृह मंत्रालय को फिर से विचार करने के लिए कहें।

80. ...Section may please see.

·········अनुभाग कृपया देख ले।

81. The Directorate of may please see for comments

·········निदेशालय कृपया टिप्पणी के लिए देख ले।

82. It is felt that further reference to the Ministry of...is now not necessary.

ऐसा समझ मे आता है कि अब इसे———·······मंत्रालय को भेजने की जरूरत नहीं है।

83. This matter may be referred to the Directorate of...

यह मामला·········निदेशालय को भेजा जाए।

84. It will be necessary to obtain the following particulars before agreeing to the proposal

प्रस्ताव पर सहमत होने से पहले नीचे लिखे ब्यौरे मंगाना जरूरी होगा।

85. We may now obtain the comments of the Ministry of...

अब हम······मंत्रालय की राय प्राप्त कर लें।

86. We may keep the matter in abeyance until a decision on the general question of...has been taken.

जब तक———के सामान्य प्रश्न पर निर्णय न हो जाए, हम इसे स्थगित रखें।

87. The previous Papers on the subject have been transferred to...Section who may kindly see for further action.

इस विषय के पहले कागज पत्र.........अनुभाग को दिए गए हैं । वह अनुभाग कृपया इस बारे में आगे की कार्रवाई के लिए देख ले ।

88. The point is not free from doubt. We may ask Ministry or...to clarify.

यह बात सन्देहरहित नहीं है ।———मंत्रालय से हम इसे स्पष्ट करने के लिए कहें ।

89. Before we consider their proposal, we would like to see the papers leading to the issue of letter No......dt......referred to at 'B' on 5/pc..

इस प्रस्ताव पर विचार करने से पहले हम उन कागजों को देखना चाहते हैं जिनके आधार पर पृष्ठ 5/पत्राचार में 'ख' पर बताया गया दिनांक.........का पत्र सं०... भेजा गया था ।

90. Inspite of a thorough search the relevant file is not traceable.

भली भांति खोज करने पर भी सम्बन्धित मिसिल मिल नहीं रही है ।

91. No decision has so far been taken in the matter.

इस मामले पर अभी तक कोई निर्णय नहीं हुआ है ।

92. We have no remarks to offer.

हमें कोई टिप्पणी नहीं करनी है ।

93. We have no further comments.

हमें आगे और कुछ नहीं कहना है ।

94. We have already called for a report from the Chief Controller, vide p. 83/c.

हम पहले ही मुख्य नियन्त्रक से रिपोर्ट मांग चुके हैं, देखिए पृष्ठ 53/पत्राचार ।

95. We may await further communication from the Chief Engineer.

हम मुख्य इन्जीनियर के दूसरे पत्र की प्रतीक्षा कर लें ।

96. Further report from the Director General may be awaited.

महानिदेशक से और रिपोर्ट की प्रतीक्षा कर ली जाए ।

97. Chief Controller may kindly see the representation from... Association and offer his comments in the matter.

मुख्य नियन्त्रक कृपया.........संघ का अभिवेदन देखें और इस बारे में अपने विचार प्रकट करें ।

98. No communication has yet been received from the Chief Inspector He may be reminded as per fair memo put up for signature.

मुख्य निरीक्षक से अभी कोई उत्तर नहीं मिला है। हस्ताक्षर के लिए प्रस्तुत किए गए स्वच्छ अनुस्मारक के द्वारा उन्हें याद दिला दी जाए।

99. This subject does not concern this Section. It concerns... Section. These papers may be passed on to them.

यह विषय उस अनुभाग का नहीं है। इसका सम्बन्ध······अनुभाग से है। ये कागज उसी को भेज दिए जाएं।

100. The subject matter of the present reference from the A.G.C.R. does not concern this Ministry. This may be passed on to the Ministry of Finance for necessary action.

महालेखाकार, केन्द्रीय राजस्व (ए०जी०सी०आर०) से आए हुए वर्तमान हवाले का विषय इस मन्त्रालय से सम्बन्धित नही है। इसे वित्त मन्त्रालय को आवश्यक कार्रवाई के लिए भेज दिया जाए।

101. This Ministry's file on the subject is not readily available. We may ask for a copy of the letter quoted in serial No. 1. A fair memo is put up for signature accordingly.

इस विषय पर मंत्रालय की मिसिल इस समय सुलभ नहीं है। हम क्रमांक 1 में उल्लिखित पत्र की एक प्रतिलिपि मंगा लें। तदनुसार एक स्वच्छ ज्ञापन हस्ताक्षर के लिए प्रस्तुत है।

102. We may remind the Director General after a month.

हम महानिदेशक को एक महीने बाद याद दिलाएं।

103. No action seems to be called for on our part.

हमारी ओर से इस पर कोई कार्रवाई जरूरी नहीं मालूम पड़ती।

104. Director General may kindly see the Ministry of Finance note at p. 7 ante and clarify the position.

महानिदेशक कृपया वित्त मन्त्रालय की पिछले पृष्ठ 7 पर टिप्पणी देखें और स्थिति स्पष्ट करें।

105. ...Section may please see with reference to their note overleaf.

——अनुभाग अपने पिछले पृष्ठ की टिप्पणी के संदर्भ में इसे देखें।

106. Before we examine the proposal, we would request the Ministry of.........to add the papers in which the concessions were originally sanctioned.

प्रस्ताव पर विचार करने से पूर्व हम···मन्त्रालय से उन कागजों को साथ लगा देने का अनुरोध करते हैं जिनमें ये रियायतें मंजूर की गई थीं।

107. The required information has been called for from...and will be furnished as soon as the same is received.

वांछित सूचना..................से मंगाई गई है, वहां से प्राप्त होते ही भेज दी जाएगी।

108. Ministry of.........have not yet returned our file. We may send a D. O. reminder under advice to the.........

मंत्रालय ने हमारी मिसिल अब तक नहीं लौटाई है। हम एक अर्धसरकारी पत्र अनुस्मारक के रूप में...को सूचित करते हुए भेज दें।

109. Further communication will follow on receipt of the information from.........

से सूचना आने पर आगे और पत्र भेजा जाएगा।

110. After issue of the draft the file may be sent to...for comments on the points raised by us on pp. 12-15 ante.

मसौदे को भेजने के बाद हमारे द्वारा पीछे पृष्ठ 12–15 पर उठाई गई बातों पर टिप्पणी देने के लिए फाइल को...के पास भेज दिया जाए।

111. These papers may be shown to............for information and guidance.

ये कागज सूचना तथा संदर्शन के लिए......को दिखा दिए जाएं।

112. Extracts from these notes will be kept on our file on return.

वापसी पर इन टिप्पणियों के उद्धरण अपनी मिसिल में रख लिए जाएंगे।

113. Immediate disposal of the file is requested.

इस फाइल का निपटारा शीघ्र करने का अनुरोध किया जाता है।

114. The file may kindly be returned early after keeping extracts.

उद्धरण रखने के पश्चात कृपया इस मिसिल को शीघ्र लौटा दिया जाए।

115. The matter has been referred to the Ministry of......We may send an interim reply to F. R. as per draft placed below.

मामला.........मंत्रालय को भेजा गया है। हम नई आवती का अन्तरिम उत्तर प्रस्तुत किए गए मसौदे के अनुसार भेज दें।

116. Ministry of.........may kindly see with reference to the telephonic with Shri......on the 5th August, 69.

श्री......से 5 अगस्त, 69 को टेलीफोन पर हुई बातचीत के संदर्भ में———मंत्रालय कृपया इसे देख ले।

117. We may ascertain the correct position from the Chief Controller in the first instance.

पहले हम मुख्य नियन्त्रक से सही स्थिति मालूम कर लें।

118 The requisite information is not available in this Ministry. We may ask the Directorate of......to furnish the same.

अपेक्षित जानकारी इस मंत्रालय में उपलब्ध नहीं है। हम···निदेशालय को इसे भेज देने के लिए कहें।

119. The file has not yet been received back from the.................. Deptt. inspite of repeated reminders. D. S. may like to speak to the Chief Controller on the phone.

बार-बार याद दिलाने पर भी मिसिल·········विभाग से अभी तक वापस नहीं आई है। उपसचिव कदाचित् इस बारे में मुख्य नियन्त्रक से फोन पर बातचीत करना चाहें।

120. The file is not readily traceable. Efforts are being made to trace it.

मिसिल तत्काल मिल नहीं रही है। उसे खोजने की कोशिश की जा रही है।

121. Delay in the submission of the case is regretted.

मामले को प्रस्तुत करने में हुई देर के लिए खेद है।

122. The case is hanging fire for a long time.

यह मामला बहुत समय से लटका हुआ है।

123. We may inform Shri......that the matter is under active consideration and the decision will be communicated to him shortly.

हम श्री·········को बता दें कि मामले पर सक्रिय रूप से विचार हो रहा है और इसका निर्णय जल्दी ही उनके पास भेज दिया जाएगा।

124. We would also be interested to know the decision taken in this case.

हम भी इस मामले पर हुए निर्णय को जानना चाहते हैं।

125. Before offering our comments we would like to see the papers leading to the decision referred to at 'A' on p. 3/c.

अपनी टिप्पणी देने से पहले हम पृष्ठ 3/पत्राचार में 'क' पर उल्लिखित निर्णय के साधक कागजों को देखना चाहेंगे।

126. As the Ministry of.........are concerned in the matter, the p.u.c may be transferred to them for consideration.

चूंकि इस विषय का सम्बन्ध······मन्त्रालय से है, इसलिए विचाराधीन कागज उनके पास विचारार्थ भेज दिया जाए।

127. The orders on the subject are not quite clear. We may seek clarification from the Ministry of...

इस विषय पर आदेश पूरी तरह स्पष्ट नहीं है। हम·········मन्त्रालय से उनको स्पष्ट करा लें।

128. ......Deptt. may kindly see for interim information and return the papers urgently so that the case may be pursued further with the Ministry of......

···विभाग अन्तरिम सूचना के लिए देख ले और कागजों को शीघ्र लौटा दे ताकि यह मामला आगे·······मन्त्रालय से चलाया जाए।

(3) सुझाव देना

129. We agree with 'A' above.
हम ऊपर 'क' से सहमत हैं।

130: The proposal is quite in order.
यह प्रस्ताव बिलकुल नियमानुकूल (ठीक) है।

131. A substitute may be appointed against the leave vacancy as an interim arrangement.
अन्तरिम व्यवस्था के रूप में छुट्टी के कारण रिक्त हुई जगह पर एवजी नियुक्त कर लिया जाए।

132. Administrative approval may be obtained.
प्रशासनिक अनुमोदन प्राप्त किया जाए।

133. Application may be rejected.
आवेदन अस्वीकार कर दिया जाए।

134. Casual leave applied for may be granted.
मांगी गई/आवेदित आकस्मिक छुट्टी दे दी जाए।

135. Copy may also be sent to.........Fair endorsement is put up for signature.
प्रतिलिपि···को भी भेज दी जाए। स्वच्छ पृष्ठांकन हस्ताक्षर के लिए प्रस्तुत है।

136. Formal approval is necessary. The same may be obtained.
औपचारिक अनुमोदन आवश्यक है उसे प्राप्त कर लिया जाए।

137. ....may be informed accordingly.
·······को तदनुसार सूचित कर दिया जाए।

138. F. R. is for information for the present. Final reply may be awaited for another month.

यह मामला अभी सूचना के लिए है । अन्तिम उत्तर की एक मास तक और प्रतीक्षा कर ली जाए ।

139. To resolve the differences between the Departments concerned. It is suggested that the matter may be discussed at a meeting which may be convened at Deputy Secretary's level.

सम्बन्धित विभागों के बीच जो मतभेद है उसको दूर करने के लिए यह सुझाव दिया जाता है कि मामले पर उपसचिव के स्तर पर बैठक बुलाकर विचार-विमर्श कर लिया जाए ।

140. The case was discussed in a meeting in Secretary's room when representatives of the Ministries of Finance and Law were present. The decisions taken may be communicated to all concerned.

इस मामले पर सचिव महोदय के कमरे में हुई बैठक मे विचार विमर्श किया गया था जबकि वित्त और विधि मन्त्रालयों के प्रतिनिधि भी मौजूद थे। उसमे जो निर्णय लिए गए उन्हें उन सबको सूचित कर दिया जाए जो सम्बन्धित हैं ।

141. In view of the circumstances stated above, we may support the proposal.

ऊपर स्पष्ट की गई स्थिति को देखते हुए हम इस प्रस्ताव का समर्थन कर दें ।

142. In view of the circumstances stated above, we may agree to the suggestion.

ऊपर बताई गई परिस्थितियों में हम सुझाव मान लें ।

143. We are competent to sanction this, vide...

इसकी मंजूरी देने के लिए हम सक्षम हैं, देखिए ......

144. We may call for a report from the Director General as per draft put up for approval

हम महानिदेशक के विचार, अनुमोदन के लिए प्रस्तुत प्रारूप के अनुसार मंगाले ।

145. The proposal is self explanatory. It may be accepted.

प्रस्ताव अपने आप में स्पष्ट है । इसे मान लिया जाए ।

146. Draft of minutes of the meeting held on the 14th March, 1969 is submitted for approval.

14 मार्च, 1969 को हुई बैठक के कार्यवृत्त का मसौदा अनुमोदन के लिए प्रस्तुत है ।

147. Draft will be put up if the suggestions made in paras 1 and 3 above are approved

यदि ऊपर पैरा 1 और 3 में दिए गए सुझावों को अनुमोदित कर दिया गया हो, तो मसौदा प्रस्तुत कर दिया जाएगा ।

148. The case may be shown to J. S. on return.
यह मामला संयुक्त सचिव को उनकी वापसी पर दिखा दिया जाए ।

149. No action on our part seems to be called for. If approved, the papers may be recorded.
इस पर हमारी ओर से किसी कार्रवाई की जरूरत नहीं दीखती । यदि अनुमति हो तो कागजों को रिकार्ड कर दिया जाए ।

150. May be recorded for five years.
पांच साल के लिए रिकार्ड कर दिया जाए ।

151. Ministry of.........may consider the desirability of issuing general orders on the subject.
......मन्त्रालय इस मामले में सामान्य आदेश निकालने की आवश्यकता पर विचार करे ।

152. The same procedure may be followed in the present case also.
इस मामले में भी वही तरीका/कार्यविधि अपनाया/अपनाई जाए ।

(4) संक्षिप्त आदेश

153. Please speak.
बात कर जाइए ।

154. Please discuss.
आकर चर्चा कर ले । (कृपया चर्चा कर जाइए) ।

155. Action may be taken as proposed.
यथाप्रस्तावित कार्रवाई की जाए ।

156. Please prepare a precis of the case.
कृपया मामले की संक्षेपिका तैयार कीजिए ।

157. Please put up a self-contained note (summary).
कृपया स्वत: पूर्ण टिप्पणी (सारांश) प्रस्तुत कीजिए ।

158. Please circulate and file.
कृपया सभी को दिखाकर फाइल कर दीजिए ।

159. Issue reminder urgently.
तुरन्त अनुस्मारक भेजिए ।

160. I agree.
मैं सहमत हूं ।

161. Issue as amended.
यथासंशोधित जारी कीजिए ।

162. Draft is concurred in.
प्रारूप पर सहमति दी जा रही है।

163. Draft approved as amended.
मसौदा संशोधित रूप मे अनुमोदित किया जाता है।

164. C. M. need not be bothered.
मुख्य-मंत्री महोदय को कष्ट देने की जरूरत नहीं।

165. Secretary need not be troubled.
सचिव को भेजना जरूरी नहीं है (सचिव को कष्ट देने की जरूरत नहीं है)।

166. Draft reply on the lines suggested above may be put up.
ऊपर के सुझावों के आधार पर उत्तर का मसौदा तैयार कीजिए।

167. Enquiry may be completed and its report submitted at an early date.
जाँच पूरी की जाए और रिपोर्ट जल्दी प्रस्तुत की जाए।

168. Office may note it carefully.
कार्यालय इसे सावधानी से नोट कर ले।

169. Please make a special note of this decision.
कृपया इस निर्णय को विशेष रूप से नोट करें।

170. Ruling from Govt. of India should be obtained
भारत सरकार से व्यवस्था प्राप्त की जाए।

171. There is no cause to modify the order already passed.
जो आदेश दिया जा चुका है उसमें संशोधन करने का कोई कारण नहीं है।

172. All concerned should note carefully.
सभी सम्बन्धित व्यक्ति इसे ध्यान से नोट कर लें।

173. Please inform......accordingly.
कृपया······को तदनुसार सूचित कर दीजिए।

174. Await further report.
आगे और विवरण की प्रतीक्षा कीजिए।

175. Await reply.
उत्तर की प्रतीक्षा करें।

176. Explanation may be called for.
स्पष्टीकरण मांगा जाए।

177. Issue today.
आज ही भेज दिया जाए/भेजिए।

178. I fully agree with the office note. Orders may be issued.
कार्यालय की टिप्पणी से मैं पूरी तरह से सहमत हू । आदेश जारी कर दिए जाएं।

179. For the reason now explained I concur in the proposal.
अब जो कारण बताए गए हैं उनको दृष्टि में रखते हुए मैं इस प्रस्ताव पर अपनी सहमति देता हूं।

180. I have discussed the matter with Secretary and H. M. They feel that it may be kept pending until the close of the budget session of the Parliament.

मैंने इस मामले पर सचिव तथा मन्त्री महोदय से बात की है। उनका विचार है कि इस मामले को संसद के बजट अधिवेशन की समाप्ति तक रोक रखा जाए।

181. Having regard to the merits of the case the order passed by the Under Secretary is in order. I do not see any reason to intervene.

अवर सचिव ने जो आदेश दिया है वह मामले के गुण-दोषों को देखते हुए उचित ही है। मुझे हस्तक्षेप करने का कोई कारण दिखाई नही देता।

182. Having regard to the facts stated above (facts of the case) the orders passed by...are set aside.

ऊपर जिन तथ्यों का उल्लेख किया गया है उनको (मामले के तथ्यों को) देखते हुए......द्वारा दिए गए आदेशों को रद्द किया जाता है।

183. Draft may now be issued
प्रारूप अब जारी कर दिया जाए।

184. The draft need not be issued.
प्रारूप को जारी करने की आवश्यकता नहीं है।

185. No assurance in the matter can be given at this stage.
इस मामले मे इस समय कोई आश्वासन नहीं दिया जा सकता।

186. We may agree with CE's recommendation in this case.
हम इस मामले में मुख्य इंजीनियर द्वारा की गई सिफारिश को मान लें।

(5) वित्तीय और प्रशासनिक

187. Finance Ministry may please see for concurrence
वित्त मन्त्रालय कृपया सहमति के लिए देख ले।

188. Provision exists in the budget for incurring the expenditure during the current financial year.
इस व्यय के लिए चालू वित्तीय वर्ष के बजट में व्यवस्था है।

189 Retrospective effect cannot be given to this order.

इस आदेश को पीछे की तारीख से लागू नहीं किया जा सकता।

190 In view of the circumstances explained in the p u c. we may permit air travel

विचाराधीन कागज मे स्पष्ट की गई परिस्थिति को ध्यान मे रखते हुये हम हवाई यात्रा की अनुमति दे दें।

191. The proposals contained in the p. u. c. are reasonable. We may have no objection to their acceptance. Ministry of Finance may also kindly see for concurrence.

विचाराधीन कागज मे जो प्रस्ताव रखे गये है वे उचित है। हमे उन्हे स्वीकार करने मे कोई आपत्ति नही हो सकती। वित्त मंत्रालय भी कृपया सहमति के लिये देख ले।

192. This is a matter in which the Administrative Ministry can take a decision in consultation with their associated Finance This Ministry's concurrence is not necessary.

यह ऐसा मामला है जिसमे प्रशासनिक मन्त्रालय अपने सम्बन्द्ध वित्त अनुभाग से परामर्श करके स्वयं निर्णय कर सकता है। इस मन्त्रालय की सहमति प्राप्त करने की आवश्यकता नही है।

193. In view of the changed policy of Government, it will not be possible to sanction any grant-in-aid to the Club this year

सरकार की परिवर्तित नीति को देखते हुये इस वर्ष क्लब के लिये सहायक अनुदान मजूर करना सभव न होगा।

194 In consultation with the Ministry of Finance it has been decided that

वित्त मन्त्रालय से परामर्श करके यह निश्चय किया गया है कि ....

195 The proposal for the creation of another post of an Asstt. Director sent by the Directorate of ....does not have adequate justification We may regret our inability to agree to it

... निदेशालय द्वारा सहायक निदेशक का एक और पद बनाने के विषय मे जो प्रस्ताव भेजा गया है उसमे काफी औचित्य नही है। उसे मानने मे हम सखेद अपनी असमर्थता प्रकट कर दे।

196 It has been decided that for the duration of emergency no new post should be created.

यह निश्चय किया गया है कि आपातकाल के दौरान कोई नया पद न बनाया जाये (किसी नये पद का सृजन न किया जाये)।

197. There is an absolute ban on creation of new posts except those which are required in connection with the Five Year Plan or National Defence.

पंचवर्षीय योजनाओं और राष्ट्रीय रक्षा के लिये जिन पदों की आवश्यकता है उनके अतिरिक्त अन्य पद बनाने पर पूरी तरह रोक लगी हुई है।

198. In his present representation Shri.........has reiterated the same points as were mentioned in his earlier representation and which have already been considered. There appears to be no justification to alter our earlier decision. This representation may, therefore, be rejected and Shri... ..be informed that in future no further representation on this subject will be entertained.

श्री.........ने अपने वर्तमान अभिवेदन में वे ही बातें दोहराई हैं जो उनके पहले अभिवेदन में कही जा चुकी है और जिन पर पहले ही विचार किया जा चुका है। अपना पूर्व निर्णय बदलने का कोई औचित्य नहीं दिखाई पड़ता। अत: इस अभिवेदन को अस्वीकार कर दिया जाये तथा श्री...को कह दिया जाये कि भविष्य में इस विषय पर और कोई अभिवेदन नहीं लिया जायेगा।

199. The representationist has not raised any fresh points. His request may be rejected again and he may be informed that no further representation on the subject will be entertained in future.

अभिवेदनकर्ता ने कोई नई बात नहीं उठाई है। उसकी प्रार्थना को फिर अस्वीकार कर दिया जाये और उसे सूचित कर दिया जाये कि भविष्य में उसका इस विषय पर कोई अभिवेदन ग्रहण नहीं किया (नहीं लिया) जायेगा।

200. The representation has not been received through proper channel. We need not take any action on it.

अभिवेदन उचित माध्यम से नहीं मिला है। हमें इस पर कोई कार्रवाई करने की आवश्यकता नहीं।

201. A statement showing the latest position of sanctioned temporary and permanent posts in the......Deptt. is placed on the file as directed.

जैसा निदेश दिया गया था,...विभाग के मंजूर हुये अस्थायी और स्थायी पदों की अद्यतन स्थिति बताने वाला एक विवरण फाइल पर रख दिया गया है।

202. It would be against public interest to give the permission. The request may be rejected.

अनुमति देना लोकहित के प्रतिकूल होगा। प्रार्थना अस्वीकृत कर दी जाये।

203. Shri.........has applied for two months earned leave which is at his credit. No substitute has been asked for. The leave may, therefore, be sanctioned. Draft office order is put up for approval.

श्री ······ने दो मास की अर्जित छुट्टी मांगी है जो उनके हिसाब में जमा है। उनकी जगह किसी स्थानापन्न की मांग नहीं की गई है। अतः छुट्टी मंजूर कर दी जाए। कार्यालय आदेश का मसौदा अनुमोदन के लिए प्रस्तुत है।

204. Shri...... was sanctioned leave with effect from 1st December, 1971. Report of relinquishment of charge has been received. Leave may be notified in the Gazette.

श्री·········की छुट्टी १ दिसम्बर १९७१ से मंजूर हुई थी। उनके कार्य-भार छोड़ने की रिपोर्ट मिल गई है। छुट्टी को राजपत्र (गजट) में अधिसूचित कर दिया जाए।

205. Shri........ has returned from leave and has resumed his duties on 4th January, 1972. His charge report may be sent to the Accounts Officer.

श्री·········छुट्टी से वापस आ गए हैं और उन्होंने ४ जनवरी, १९७२ को अपने पद का कार्य-भार सभाल लिया है। उनकी कार्यभार रिपोर्ट लेखा अधिकारी को भेज दी जाए।

206. Shri ......who was granted earned leave from......to...... vide this Ministry's memorandum of even number dated......, resumed duty on......

श्री······जिनको इस मंत्रालय के समसंख्यक दिनांक के···ज्ञापन में ता०···में ता०···तक अर्जित छुट्टी मंजूर की गई थी, अपने काम पर ता०···को हाजिर हो गए है।

207. Service from......to......verified from the office copies fo the pay bills.

दिनांक·········से·········तक की सेवा का, वेतन बिलों की कार्यालय प्रतियों के आधार, पर सत्यापन कर लिया गया है।

208. The bill has been verified. This is in order. May be passed for payment.

बिल का सत्यापन कर, लिया गया है। यह ठीक है। भुगतान के लिए पारित (पास) किया जाए।

209. The cash in chest has been counted by me and found to be Rs. 100.

तिजोरी की रोकड़ मैंने गिन ली है, वह 100 रुपए है।

210. A certificate that the work is not susceptible of measurement, has not been recorded in the Muster Roll by the Asstt. Engineer.

सहायक इन्जीनियर ने चिट्ठ पर यह प्रमाणित नहीं किया कि काम नापे जाने योग्य नहीं है।

211. The period of security deposit as per agreement is over. The security deposit may be refunded. The Hand Receipt has been passed for payment.

करार के अनुसार जमानत की अवधि पूरी हो चुकी है। जमानत लौटा दी जाए। दस्ती रसीद भुगतान के लिए पास कर दी गई है।

212. The final bill is not on the prescribed form.

अन्तिम बिल निर्धारित प्रपत्र (फार्म) पर नहीं है।

213. The bill is returned herewith with the following objections.

बिल निम्नलिखित आपत्तियों के साथ वापस किया जाता है।

214. Nothing is due from the contractor.

ठेकेदार से कुछ भी लेना शेष नहीं है (ठेकेदार की ओर कुछ भी बाकी नहीं है)।

215. The statement has been checked. The cost comes to Rs. 500. This is a schedule item and is in order. There was slight error in the calculation of the rate which has been corrected in this office.

विवरण की पड़ताल कर ली गई है। लागत 500 रु० आयी है। यह अनुसूची मद है और ठीक है। दर गणना में मामूली त्रुटि थी जो इस कार्यालय में ठीक कर दी गई है।

216. Head of account has not been given on the final bill

इस अन्तिम बिल पर लेखा शीर्ष नहीं लिखा गया है।

217. The recovery statement is as per contractor's ledger and is in order.

वसूली विवरण ठेकेदार के खाते के अनुसार है और ठीक है।

218. In the recovery statement attached to the final bill, certain credit has been allowed for the material returned but no transfer entry order has been prepared.

अन्तिम बिल के साथ जो वसूली विवरण लगा है उसमें वापस की गई सामग्री के लिए कुछ राशि जमा खाते में दिखाई गई है। परन्तु उसके लिए अन्तरण टीप-आदेश तैयार नहीं किया है।

219. The test-check of the Assistant Engineer has not been carried out to the required percentage.

सहायक इंजीनियर ने कार्य की परीक्षण जाच अपेक्षित प्रतिशत तक (अपेक्षित मात्रा में) नही की ।

220. The statement of theoretical consumption of cement/steel may be checked by the Draftsman.

नक्शानवीस सीमेंट/इस्पात के हिसाबी खपत का विवरण जांच लें ।

221. Sanction to operate the "suspense head" under "57Misc." is to be accorded first by Budget Section. Action to get the objections dropped will then be taken by this Section

पहले बजट अनुभाग द्वारा "५७ विविध" के अन्तर्गत "उचन शीर्ष" खोलने की मंजूरी दी जानी है । उसके बाद इन आपत्तियों को हटवाने के लिए इस अनुभाग द्वारा कार्रवाई की जाएगी ।

222 The expenditure involved is chargeable/debitable to head 50 Public Works'.

इसमे जो खर्च होगा वह "५० पब्लिक वर्कस" शीर्ष पर प्रभार्य है ।

223. The source of getting the rates has been shown against each item.

प्रत्येक मद के सामने यह दिखा दिया गया है कि उसकी दर कहां से ली गई है ।

224. Payment is to be made quarterly at the rates given in this estimate.

भुगतान इस अनुभाग मे दी गई दरों से त्रैमासिक करना है ।

225. Insofar as the General Branch is concerned, there is nothing outstanding against Shri .... previously working as......in the Ministry of... ..

जहां तक जनरल ब्राच का सम्बन्ध है,......मंत्रालय में......के रूप में पहले काम कर रहे श्री......के नाम कोई चीज बाकी नहीं है ।

226. Shri .... has applied for the withdrawal of a sum of Rs. two hundred from his General Provident Fund to meet the expenses incurred during his illness. His application is covered by the rules. It may be accepted.

श्री......ने अपनी बीमारी के खर्च के लिए सामान्य भविष्य निधि से दो सौ रुपए निकालने की प्रार्थना की है । उनका आवेदन नियमानुकूल है । इसे स्वीकार कर लिया जाए ।

227. The G. P. Fund Account statement for the year 1969-70 of the undermentiored officer is forwarded herewith. It is requesied that the statement may kindly be removed and the acknowledgment portion thereof r turned to this Section duly completed for transmission to the office of A. G C. R.

नीचे लिखे अधिकारी का वर्ष 1969-70 का सामान्य भविष्य निधि लेखे का विवरण साथ में भेजा जा रहा है। यह अनुरोध है कि इस विवरण को निकाल लिया जाय और उसका पावती वाला हिस्सा यथाविधि भरकर महालेखाकार केन्द्रीय राजस्व के कार्यालय को भेजने के लिये इस अनुभाग को लौटा दिया जाये।

228. The G. P. Fund Account of Shri......for the last year has not yet been received from the A. G. C. R. We may issue a routine reminder as per fair letter put up for signature.

श्री———के सामान्य भविष्य निधि का पिछले साल का हिसाब अभी तक म० ले० के० रा० से नहीं आया है। हम हस्ताक्षर के लिये प्रस्तुत स्वच्छ पत्र के अनुसार नेमी अनुस्मारक भेज दें।

229. The trunk call (s) in respect of which the bill has been received was (were) made from office/residential telephone No ..... Before the payment is made P.S./P.A./St no to . may see and kindly say whether tne call (s) was (were) official. The amount in respect of private calls may be deposited in Cash Section.

जिस (जिन) ट्रंक काल (कालों) का बिल प्राप्त हुआ है, वह (वे) घर/दफ्तर के टेलीफोन संख्या · से की गई थी (थीं)। इससे पहले कि भुगतान किया जाये के निजी सचिव/वैयक्तिक सहायक/स्टेनो कृपया यह देखें कि कॉल सरकारी काम से की गई थी या नहीं। जो काल निजी हैं उनकी रकम रोकड़ अनुभाग में जमा कर दी जाये।

230 Shri .. in this Ministry has been allotted quarter No...by the Directorate of Estates In this connection he may please see the attached Memo. No . dat d from the Directorate and state wh ther the allotment offered to him by the Directorate of Estates is acceptable to him.

इस मन्त्रालय के श्री······ को सम्पदा निदेशालय द्वारा क्वार्टर संख्या···– का आबंटन किया गया है। इस सिलसिले में वह कृपया उस निदेशालय के तारीख ···· के संलग्न ज्ञापन संख्या · को देखें और यह बतायें कि क्या उन्हें सम्पदा निदेशालय द्वारा किया गया आबंटन स्वीकार है।

231 If adequate precautions had been taken to safeguard Govt. interests, this infructuous expenditure would have been avoided.

यदि सरकार के हितों की रक्षा के लिए यथेष्ट सावधानी बरती जाती, तो यह व्यर्थ खर्च न हुआ होता।

232. It would be necessary to fix the responsibility before the amount is written off.

इस राशि को बट्टे खाते में डालने से पहले जिम्मेदारी निर्धारित करना जरूरी होगा।

233. This amount has become irrecoverable May be written off.

यह राशि अब वसूल होने योग्य नहीं रही। इसे बट्टे खाते में डाल (लिख) दिया जाए।

234. As the Ministry of Finance are not in favour of the proposal, we may not press the matter further.

वित्त मन्त्रालय इस प्रस्ताव के पक्ष में नहीं है, अत: हम इस मामले पर और आग्रह न करें।

235. Director of..........................may consider the question of re-employment of Shri...........in accordance with the prescribed principles.

......निदेशक श्री......की पुनर्नियुक्ति के बारे मे निर्धारित सिद्धांतों के अनुसार विचार करें।

236. We are competent to grant permission.

अनुज्ञा देने के लिए हम सक्षम हैं।

237. A draft sanction letter is put up for approval. Ministry of Finance may please see for concurrence.

मंजूरी-पत्र का मसौदा अनुमोदन के लिए प्रस्तुत है। वित्त मन्त्रालय कृपया सहमति के लिए देख लें।

238. Ministry of Finance may be requested kindly to reconsider

वित्त मन्त्रालय से कृपया दुबारा विचार करने के लिए अनुरोध किया जाए।

239. We may issue necessary notification as per draft placed below for approval

अनुमोदन के लिए नीचे लिखे मसौदे के अनुसार हम आवश्यक अधिसूचना निकाल दें।

240. The application seems to be in order. We may have no objection to accord necessary permission as in the draft sanction put up

आवेदन-पत्र ठीक लगता है। मंजूरी के मसौदे के अनुसार आवश्यक अनुज्ञा देने मे हमें कोई आपत्ति नहीं होनी चाहिए।

241. In the circumstances we may issue a revised notification in supersession of the one at page 5/c

ऐसी स्थिति मे हम पृष्ठ 5/पत्राचार पर के पत्र का अधिक्रमण करते हुए एक परिशोधित अधिसूचना जारी कर दें।

242. Concurrence of Ministry of Finance is necessary as no provision exists in the Budget Estimates for the current year.

चालू वर्ष के बजट अनुमानों मे इसके लिए खर्च की व्यवस्था नहीं की गई है। अत: वित्त मन्त्रालय की सहमति लेनी आवश्यक है।

243. In view of the position explained in Serial No. 5...we may agree to accord ex-post facto sanction to the hiring of a typewriter for four months.

क्रमसंख्या 5 पर रखे पत्र में जो स्थिति स्पष्ट की गई है, उसे देखते हुए एक टाइपराइटर चार महीने के लिए किराए पर लेने की कार्योत्तर मंजूरी देने को हम सहमत हो जाए।

244. The point for consideration on this file is whether there is adequate justification for deviation from normal rules.

इस मिसिल पर विचारार्थ बात यह है कि क्या समान्य नियमों से विचलित होने के लिए पर्याप्त औचित्य है।

245. In view of the need for utmost economy we may request the D. G. not to press for the proposal.

अधिक से अधिक किफायत करने की आवश्यकता को ध्यान में रखते हुए हम महानिदेशक से अनुरोध करें कि वे इस प्रस्ताव पर जोर न दें।

246. We may inform the applicant that recruitment against all non-gazetted posts is made out of candidates sponsored by the Employment Exchange.

आवेदनकर्ता को सूचित कर दिया जाये कि सभी अ-राजपत्रित (नानगजेटेड) पदों पर नियुक्तिया उन्हीं उम्मीदवारों में से की जाती है जो रोजगार कार्यालय (एम्प्लायमेंट एक्स्चेन्ज) की मार्फत आते है।

247. He may be advised to get his name registered in the nearest Employment Exchange if not already done.

उसे सूचित कर दिया जाये कि यदि उसने अपना नाम अभी तक अपने पास के किसी रोजगार कार्यालय मे दर्ज न कराया हो तो अब दर्ज करा ले।

248 Character and antecedents of the candidate have been verified and found to be satisfactory.

उम्मीदवार के चाल-चलन और पूर्ववृत्त का सत्यापन कर लिया गया है और उसे सन्तोषजनक पाया गया है।

249. It is obvious that the family is in dire distress due to the premature death of the earning member. His son Shri . may be appointed as a Clerk in relaxation of the prescribed procedure regarding recruitment through Employment Exchange

यह स्पष्ट है कि अर्जक सदस्य की अकाल मृत्यु के कारण उसका परिवार बहुत संकट में है। रोजगार कार्यालय की मार्फत ही भर्ती करने के निर्धारित तरीके में कुछ ढील बरतते हुये उसके पुत्र श्री············को क्लर्क की जगह नियुक्त कर लिया जाये।

250. There is no justification for interfering with the decision of the Director.

निदेशक के निर्णय में हस्तक्षेप करने का कोई औचित्य नही दिखाई पडता।

251. We may advise the C. C. to follow the procedure laid down in the Ministry of......O.M. No..... dt. ......

हम मुख्य नियन्त्रक को यह परामर्श दे दें कि वह······मंत्रालय के दिनांक······ के कार्यालय ज्ञापन संख्या···में बताई गई कार्यविधि का अनुसरण करें।

252. We have no objection to the issue of instructions as proposed by the Ministry of......

·· मन्त्रालय द्वारा प्रस्तावित अनुदेशों के जारी किये जाने में हमें कोई आपत्ति नहीं है।

253. We agree as a very special case. This should not, however, be quoted as a precedent.

इसे बहुत विशेष मामला मानकर हम सहमति देते है। परन्तु इसका आगे उदाहरण के रूप में उल्लेख न किया जाए।

254. The acceptance of this proposal will set up an embarrassing precedent and we will not be in a position to resist similar requests from other Ministries.

इस प्रस्ताव को मान लेने से यह एक उलझनकारी उदाहरण बन जायेगा और हम इस स्थिति मे नही होंगे कि दूसरे मन्त्रालयों के इसी प्रकार के अनुरोध को टाल सकें।

255. The suggestion has been considered on several occasions in the past but it has not been agreed to on account of the reasons stated in the note at p. 4/n. of file No .. ..

पीछे कई बार इस सुझाव पर विचार किया जा चुका है परन्त फाइल संख्या ---के पृष्ठ 4/टिप्पण पर दिए कारणों से इस पर सहमति नही दी गई (इसे नही माना गया)।

256. The explanation furnished by Shri...... is not at all satisfactory. We may convey the displeasure of the Government as per draft put up for approval.

श्री·········द्वारा दिया गया स्पष्टीकरण बिल्कुल सन्तोषजनक नहीं है। हम अनुमोदन के लिये प्रस्तुत किये मसौदे के अनुसार सरकार की अप्रसन्नता व्यक्त कर दें।

257. The pension papers of Shri.........have been completed. These may be forwarded to the A. G. C. R. for necessary action.

श्री—······के पेंशन सम्बन्धी कागज पूरे-पूरे तैयार हो गये हैं। इनको आवश्यक कार्रवाई के लिये केन्द्रीय राजस्व के महालेखाकार (ए०जी०सी०आर०) को भेज दिया जाये।

258. Parliament Section has reported that both the typewriters in that section are not in working order. They have requested for early arrangements to get the typewriters repaired. M/s.........may be asked to furnish an estimate for the repairs.

संसद अनुभाग ने रिपोर्ट भेजी है कि उनके अनुभाग के दोनों टाइपराइटर काम नहीं कर रहे हैं। उन्होंने इन टाइपराइटरों की मरम्मत की शीघ्र व्यवस्था करने का अनुरोध किया है। सर्व श्री···को मरम्मत व्यय का अनुमान भेजने के लिये कहा जाये।

259. The company may be requested to send their mechanic to examine the defects in the typewriter

कम्पनी से अनुरोध किया जाए कि वे टाइपराइटर के दोषों की जांच करने के लिए अपना मैकेनिक (मिस्त्री) भेज दे।

260. The annual indent for stationery was sent long ago but the stationery has not been received from Calcutta so far. Some of the essential articles may be purchased locally.

लेखन सामग्री का इंडेट (माग पत्र) काफी देर हुए भेजा गया था परन्तु कलकत्ता से लेखन सामग्री अभी तक नही आई है। कुछ आवश्यक वस्तुएं स्थानीय रूप से खरीद ली जाएं।

261. The furniture required by.........Section is not in stock at present. We may call for quotations for their purchase from at least half a dozen firms of repute.

......अनुभाग द्वारा मगाया गया फरनीचर इस समय भण्डार मे नहीं है। हम उसको खरीदने के लिए लगभग आधा दर्जन प्रख्यात फर्मों से भाव मंगाले।

262. Two of the chairs in this room need recaning. The same may be got done at an early date.

इस कमरे की दो कुर्सियो मे बेंत फिर लगनी है। वह काम जल्दी करा लिया जाए।

263. The office table of Deputy Director needs some repairs. The carpenter may be asked to attend to it.

उपनिदेशक की कार्यालय-मेज मे कुछ मरम्मत होनी है। बढ़ई को उसे ठीक करने को कह दिया जाए।

264. Chappals were issued to Shri ....last year. This will be taken into account at the time of issuing the winter uniform.

श्री......को चप्पले पिछले वर्ष दी गई थी। जाड़े की (गरम) वर्दी देते समय इस बात का ध्यान रखा जाएगा।

265. Shri.........has been transferred here from the office of......... We may ascertain from that office for our records and future guidance the details of uniform issued to Shri.......... ......

श्री......का तबादला (स्थानान्तरण)......के कार्यालय से यहां को हुआ है। उस कार्यालय से हम अपने रिकार्ड तथा आगे संदर्शन के लिए श्री......को दी गई वर्दी का ब्योरा मालूम कर लें।

266. The new cycle may be given to Cash Section, where the cycle is needed most. The old cycle in that Section may be withdrawn as it requires heavy repairs.

नई साइकिल रोकड़ अनुभाग को, जहां साइकिल की बहुत ज्यादा आवश्यकता रहती है, दे दी जाए। उस अनुभाग में जो पुरानी साईकिल है, वह वापस ले ली जाए क्यों कि उसमें बहुत मरम्मत की आवश्यकता है।

267. We have only two tyres left in the stock. Necessory action may be taken to purchase 30 tubes and 30 tyres.

हमारे पास भण्डार में दो टायर बचे हैं। ३० ट्यूब और ३० टायर खरीदने के लिए आवश्यक कार्रवाई की ज ए।

268. An electric call bell may kindly be got installed in Room No. 265.

कमरा नं० २६५ में कृपया एक बिजली की घंटी लगवा दी जाए।

269. Our call bell is not in working order. Please get it repaired soon.

हमारी घंटी काम नहीं कर रही है। कृपया इसे शीघ्र ठीक करवा दें।

270. Shri.........has joined this office today. We may ask the Security Officer to issue him a temporary pass for a month.

श्री.........ने इस कार्यालय में आज कार्यभार सम्भाला है। हम सुरक्षा अधिकारी को कहें कि उनको एक महीने के लिए अस्थाई पास जारी कर दें।

271. The D. G. H. S. may be requested to issue another C. H. S. identity card.

स्वास्थ्य सेवा के महानिदेशक से अनुरोध किया जाए कि वह केन्द्रीय स्वास्थ्य सेवा का एक और पहचान-कार्ड जारी कर दें।

272. Application forms for allotment of residential accommodation from the following persons are placed below for onward transmission to the Directorate of Estates.

निवास स्थान के आबंटन के लिए निम्नलिखित व्यक्तियों के आवेदन-पत्र नीचे रखे हैं। इन्हें सम्पदा निदेशालय को भेज दिया जाए।

273. We have to provide some extra accommodation to the Admn. Section for storage of stationery and other items lying in the verandah.

बरामदे में पड़ी हुई लेखन सामग्री तथा अन्य वस्तुओं के रखने के लिए हमें प्रशासन अनुभाग को कुछ अतिरिक्त जगह देनी है।

274. There are several rooms in this office which have not been provided with iron bars. Various articles of stationery, forms, important papers, files, etc , are kept in such rooms unprotected. There is always a risk of theft of articles from these rooms

इस कार्यालय मे ऐसे अनेक कमरे है जिनमे लोहे की छड नही लगी है । लेखन-सामग्री की अनेक वस्तुये, फार्म महत्त्वपूर्ण कागज-पत्र, मिसिले इत्यादि उन कमरो मे अरक्षित रखी हुई है । ऐसे कमरो से वस्तुओ की चोरी हो जाने की जोखिम सदैव रहती है ।

275 The premises may kindly be inspected and arrangements be made for the repairs of the rooms and for attending to other items of work enumerated in the attached note

कृपया परिसर (जगह) का परीक्षण कर ले तथा कमरो की मरम्मत और संलग्न टिप्पणी मे उल्लिखित कामो को कराने का प्रबन्ध करे ।

276 Librarian, Central Secretariat Library, has informed that the undermentioned publication (s) was/were requisitioned by... ..... from that Library and has have not so far been returned to them in spite of several reminders

सेन्ट्रल सेक्रेटेरियेट लाइब्रेरी के पुस्तकाध्यक्ष ने सूचित किया है कि नीचे लिखा/लिखे प्रकाशन··· ···ने उस लाइब्रेरी से मगाया मगाये था/थे और कई अनुस्मारकों के बावजूद भी उन्होने अब तक नही लौटाया/लौटाये है ।

277 It is requested that the publication (s) in question may be returned to the Library, if done with In case the publication (s) is/are still required for reference purposes the Library may be informed to that effect

यह अनुरोध है कि यदि काम पूरा हो गया हो तो यह/ये प्रकाशन पुस्तकालय को लौटा दिया जाये/दिये जाये । यदि प्रकाशन/प्रकाशनो की अब भी जरूरत है, तो पुस्तकालय को वैसी सूचना दे दी जाये ।

278 Secretary desires that a copy each of 'Financial Times' and 'Eastern Economist' should be delivered at his residence regularly.

सचिव चाहते है कि उनके निवास-स्थान पर 'फाइनेन्शियल टाइम्स' तथा 'ईस्टर्न इकानामिस्ट' की एक-एक प्रति नियमित रूप से पहुचा दी जाया करे ।

279. ......need not be subscribed any longer.

·········का चन्दा अब आगे से न भेजा जाये ।

280. ......may see and kindly certify that all the issues of newspapers magazines which are mentioned in the enclosed bill were received during the month of .... This may kindly be treated as urgent.

कृपया देख लें और प्रमाणित कर दें कि वे सभी समाचार/पत्रिकायें जिनका उल्लेख साथ लगे बिल में है. .... मास में आई थीं। इसे कृपया आवश्यक समझा जाये।

281. Placed below are four entertainment bills which are in order and may be passed for payment.

जलपान सम्बन्धी चार बिल नीचे रखे हैं। वे सब ठीक है। उनके भुगतान करने की स्वीकृति दे दी जाये।

282. It has been verified from the old records that no payment has been made so far in respect of bill No.........dated.. ......

पुराने रिकार्ड से पडताल कर ली गई है कि दिनांक...... के बिल नम्बर...... का अभी तक भुगतान नही किया गया है।

283. Bill No.........dated........ for Rs ....mentioned above has been accepted and passed for payment

.. . . रु० की राशि का दिनांक... का उपर्युक्त बिल संख्या...... स्वीकार कर लिया गया है और भुगतान के लिये पारित कर दिया गया है।

284. Certified that amount of the bill has been disbursed to the proper persons

यह प्रमाणित किया जाता है कि बिल की रकम सही व्यक्तियों को चुकाई गई है।

285. Certified that the purchases have been made at the lowest market rate.

यह प्रमाणित किया जाता है कि खरीद बाजार के न्यूनतम भाव पर की गई है।

286. I certify that no portion of the accommodation in respect of which the house rent allowance is claimed is sublet or occupied normally by adults other than those belonging to my family.

मैं प्रमाणित करता हूं कि जिस जगह के लिये मैंने मकान किराया भत्ते का दावा किया है उसका कोई भाग न किराये पर दिया है और न उसमे आम तौर पर मेरे परिवार वालों के अलावा कोई दूसरा वयस्क रहता है।

287. Policy I Section is to be shifted from Room No. 272 to Room No. 335-A. For this purpose 5 coolies will be required tomorrow.........Section may kindly arrange for them.

नीति 1 अनुभाग को स्थान बदली कमरा न० 272 से कमरा न० 335-ए में की जानी है। उसके लिए पाच कुलियों की आवश्यकता पडेगी।......अनुभाग कृपया उनका प्रबन्ध कर दे।

288. Room Nos......have become considerably dirty. Arrangements may be made to have them white-washed early.

कमरे संख्या......काफी गन्दे हो गए हैं। इनमे सफेदी कराने का प्रबन्ध शीघ्र कर दिया जाए।

289. Several glass panes of the windows in the committee room are broken. These may be got replaced.

समिति कक्ष (कमेटी रूम) की खिडकियों के कई शीशे टूटे पडे हैं। इनकी जगह दूसरे शीशे लगवा दिए जाएं।

290. Joint Secretary needs a bookshelf for keeping reference books. It may either be purchased or got made on order.

संयुक्त सचिव को संदर्भ पुस्तकें रखने के लिए किताबों की अलमारी की आवश्यकता है। इसे या तो खरीद लिया जाए या आर्डर देकर बनवा लिया जाए।

भाग 3

पत्र-व्यवहार

(Correspondence)

पत्र-व्यवहार में काम आने वाले वाक्यांश

सरकारी पत्र, ज्ञापन, आदि लिखते हुए जिन वाक्यों तथा वाक्यांशों का बहुधा प्रयोग होता है, उनके हिन्दी रूपान्तर निचे दिए जाते हैं :—

1. I am directed to forward the accompanying letter.
   मुझे सलग्न पत्र आपके पास भेजने का निदेश हुआ है।
2. I am directed to acknowledge the receipt of your letter.
   मुझे आपके पत्र की पावती भेजने का निदेश हुआ हैं।
3. I have been directed to inform you/request you/ask you......
   मुझे निदेश हुआ है कि मैं आपको सूचित करूं/आपसे निवेदन करूं/आपसे पता करूं ... ।
4. In continuation of my letter (or this Ministry's letter) No...........dated...........
   दिनांक/तारीख ·· के अपने पत्र (अथवा इस मंत्रालय के पत्र) संख्या······का प्रसंग जारी रखते हुए··· ।
5. In continuation of my letter No...........dated...........
   दिनांक/तारीख······के अपने पत्र संख्या····· क्रम/सिलसिले में · ।
6. In confirmation of my letter No...........dated...........
   दिनांक/तारीख···– के पत्र संख्या ··· की पुष्टि में ।
7. In compliance with the request contained in your letter No...........dated.. ....
   आपने तारीख ·· के अपने पत्र संख्या ···· में जो अनुरोध किया था, उसके अनुपालन में उसको मानते हुए ···· ।
8. In reply to your letter No.......... dated...........
   आपके तारीख ···· के पत्र संख्या ···· के उत्तर में ····· ।
9. In this connection I have to state ....
   इस सम्बन्ध में मुझे कुछ कहना है कि · ।
10. Please refer to my endorsement No ....dated...........
    कृपया तारीख · के मेरे पृष्ठांकन संख्या ···· की ओर ध्यान दीजिए।
11. Please refer to your letter No..... .. . .dated ....
    कृपया अपने तारीख के पत्र संख्या की ओर ध्यान दीजिए।

12. Will you please refer to your D O. letter .. dated...regarding
कृपया ·· के बारे में लिखे तारीख के अपने अर्ध-सरकारी पत्र संख्या ···· की ओर ध्यान दें।

13. With reference to your memo cited above, I beg to state......
ऊपर आपके जिस ज्ञापन का उल्लेख किया गया है, उसके सम्बन्ध में निवेदन है कि ····

14. With reference to the correspondence resting with (or ending with) your/this Ministry's letter No........ dated.........
आपके इस मंत्रालय के पत्र संख्या तारीख · के रुके हुए (या समाप्त होने वाले) पत्र व्यवहार का हवाला देते हुए······ ।

15. With reference to your letter N ....dated.........
आपके तारीख ·· के पत्र के प्रसंग में······ ।

16. Reference is invited to ....
········ की ओर ध्यान दें।

17. With reference to your application/representation dated......
आपके तारीख ·· के आवेदन/अभिवेदन के प्रसंग में ·· ।

18. Kindly refer to my d.o. letter No........ dated ...
कृपया दिनांक ·· का मेरा अर्ध-सरकारी पत्र संख्या देखिए

19. I have the honour to refer to .....
मुझे······का हवाला देने का सम्मान मिला।

20. Attention is invited to the Ministry of Finance office memorandum of even number dated.........
आपका ध्यान तारीख··· के वित्त मंत्रालय के इसी संख्या (सम संख्या) के कार्यालय ज्ञापन की ओर आकर्षित किया जाता है।

21. It may further be added .. ...
इसके बारे में यह और लिखना है कि ·····।

22. This is to acknowledge the receipt of your letter No.. dated...
आपका तारीख······का पत्र संख्या मिला है।

23. At your end also
आपकी ओर से भी, आपकी तरफ से भी।

24. Under intimation to this office
इस कार्यालय को सूचना देते हुए।

25. Please treat this as strictly confidential
कृपया इसे पूरी तरह गोपनीय समझिए।

26. This is to inform that............
 सूचना दी जाती है कि...... ।

27. To bring to your kind notice.......
 आपका ध्यान दिलाने के लिए ..... ।

28. Its issue is authorised
 इसे प्राधिकार से जारी किया जा रहा है ।

29 Copy forwarded for information/necessary action to :—
 प्रतिलिपि/नकल सूचना, आवश्यक कारवाई के लिए निम्नलिखित को भेजी जा रही है : –

30. A copy of the undermentioned papers is forwarded to...for information/for information and guidance/for necessary action/for favour of a reply/for early compliance.
 नीचे लिखे कागजों की एक प्रतिलिपि सूचना/सूचना और संदर्शन/आवश्यक कारवाई/उत्तर/ शीघ्र अनुपालन के लिए ..... को भेजी जा रही है ।

31. For such action as deemed fit
 ऐसी कार्रवाई के लिए जो उचित समझी जाय ।

32. President is pleased to direct
 राष्ट्रपति निदेश देते हैं ।

33. President is pleased to sanction
 राष्ट्रपति कृपापूर्वक · की मजूरी देते है ।

34. Comments of the State Govt. may kindly be expedited
 कृपया राज्य सरकार की टिप्पणियां शीघ्र भेजी जाएं ।

35. The present position of the case may please be intimated to this office.
 कृपया इस कार्यालय को मामले की वर्तमान स्थिति की सूचना दी जाय (से अवगत कराया जाय) ।

36. The favour of an early reply will be highly appreciated
 शीघ्र उत्तर भेज दें तो बड़ी कृपा होगी ।

37. The.........is pressing hard for a reply
 उत्तर के लिए .....बहुत अधिक जोर दे रहे है ।

लय में भेज कर; या

(ii) अपने आप में पूर्ण टिप्पणी भेज कर।

इस तरीके का प्रयोग आमतौर पर मंत्रालयों (या मंत्रालय और उसके सम्बद्ध कार्यालय) के बीच किसी प्रस्ताव पर अन्य मंत्रालयों के विचार, टीका टिप्पणी आदि प्राप्त करने के लिए, मौजूदा अनुदेशों के बारे में स्पष्टीकरण आदि कराने के लिए या कोई सूचना या कागज-पत्र मंगवाने के लिए किया जाता है। इस प्रकार के पत्राचार में संबोधन या अन्त में किसी प्रकार के आदरसूचक शब्दों का प्रयोग नहीं होता।

(6) पृष्ठांकन (Endorsement): इसका प्रयोग तब किया जाता है जब कोई कागज मूल रूप में भेजने वाले को ही लौटाना हो या किसी और मंत्रालय या सम्बद्ध या अधीनस्थ कार्यालय को सूचना, टीका-टिप्पणी या निपटाने के लिए मूल या उसकी नकल के रूप में भेजना हो।

इसका प्रयोग तब होता जब पत्रादि पाने वाले के अलावा उसकी नकल और किसी को भेजनी हो। इस स्थिति में पृष्ठांकन का रूप निम्नलिखित में से कोई एक हो सकता है।

"......को एक प्रति (जिस पत्र का यह उत्तर है, उसकी नकल के साथ) सूचना/सूचना और संदर्शन/आवश्यक कार्यवाई/उत्तर/शीघ्र अनुपालन के लिए भेजी जा रही है :--

प्रशासनिक मंत्रालयों द्वारा जारी की गई वित्तीय मंजूरियों की नकलें भी जिन्हें वित्त मंत्रालय के द्वारा लेखा परीक्षण अधिकारियों के पास भेजना हो पृष्ठांकन द्वारा ही भेजी जाती है।

राज्य सरकारों को प्रतिलिपि भेजते समय इस प्रकार का पृष्ठांकन नहीं करना चाहिए। उन्हें वे 'पत्र' के रूप में भेजी जानी चाहिए। इसके लिए आमतौर से पत्र ही लिखा जाना चाहिए।

(7) अधिसूचना (Notification): नियमों और आदेशों की घोषणा अधिकारों का सौंपा जाना, राजपत्रित-अधिकारियों की नियुक्ति, छुट्टी, तरक्की आदि को भारत के राजपत्र (गजट आफ इण्डिया) में प्रकाशित करके अधिसूचित करने के लिए इसका प्रयोग किया जाता है।

(8) संकल्प (Resolution) :— नीति के महत्वपूर्ण मामलों पर सरकार के निर्णयों, समितियों या जाँच आयोगों की नियुक्ति और उनकी महत्वपूर्ण रिपोर्टों की समीक्षा के परिणामों की सार्वजनिक घोषणा करने के लिए संकल्पों का प्रयोग होता है। संकल्प भी आमतौर पर भारत के राजपत्र में छापे जाते हैं।

(9) **प्रेस विज्ञप्ति या प्रेस नोट** (Press communique or Press note) प्रेस-विज्ञप्ति या प्रेस नोट सरकार के किसी निर्णय का बहुत अधिक प्रचार करने के लिए जारी किया जाता है। प्रेस-नोट से प्रेस विज्ञप्ति ज्यादा औपचारिक होती है, इसलिए प्रेस को उसे ज्यों का त्यों छापना होता है। प्रेस-नोट को पत्रकार जैसे चाहे संपादित या छोटा-बड़ा कर सकते है।

(10) **तार** (Telegram) :—तार सिर्फ बहुत जरूरी मौकों पर भेजे जाते हैं। पुष्टि-प्रतियां (confirmation copies) डाक से भेजी जाती हैं।

(11) **तुरत पत्र** (Express Letter) :—तुरत पत्र की भाषा तार की सी होनी चाहिए और पाने वाले को भी उसे उतनी ही प्राथमिकता देनी चाहिए। अत्यधिक शीघ्रता के मामलों को छोड़ कर और सभी हालातों में जहां तक हो सके, तार के बदले तुरत पत्र से ही काम लेना चाहिए।

(12) **सेविग्राम** (Savingram) :—जब किसी पत्रादि में ऐसे ढंग की गुप्त बात कही गई हो जिसे बीजांक (cypher) या कूट भाषा (code) में लिखना जरूरी हो तो तुरत पत्र के बदले सेविग्राम भेजना चाहिए।

विभिन्न अवसरों पर आवश्यकतानुसार जिन रूपों में पत्राचार होता है उनकी रूप रेखा मोटे तार से नीचे दी जा रही है। उनके आगे सरकारी तारों के मसौदों के विषय में विस्तार से कई बात तथा गजट अधिसूचनाओं, आवेदनों, टेंडर सूचनाओं, निमन्त्रण पत्रों तथा विविध प्रकार के अन्य प्रारूपों के कितने ही नमूने प्रस्तुत किए जा रहे हैं।

1. सरकारी पत्र (Official Letter)

संख्या········
भारत सरकार
वित्त मंत्रालय

सेवा में (To)
························
·············

नई दिल्ली, दिनांक·········

विषय (Subject)···············
···············

महोदय (Sir)
प्रिय महोदय (Dear Sir)
प्रिय महानुभाव (Dear Sirs),

आपके दिनांक··············के पत्र संख्या············के प्रसंग में निवेदन है कि पत्र संख्या··

या

······मंत्री को सम्बोधित आपके दिनांक ···· के पत्र संख्या·········के उत्तर में मुझे यह सूचित करने का निदेश हुआ है कि··········· ············
··· · ··· ························· ··························· ·········

या

मुझे अपने (या इस मंत्रालय के) दिनांक ·········के पत्र संख्या········· के आगे यह कहने का निदेश हुआ है कि ··· · ·························
································ ··

या

इस मत्रालय के दिनांक···············के पत्र संख्या····················पर रुके हुए (या समाप्त होने वाले) पत्र व्यवहार के प्रसंग में मुझे यह निवेदन करने का निदेश हुआ है कि···

या

इस मत्रालय के दिनांक···············के पत्र संख्या············के आदेश (या अनुदेश) का संशोधन करते हुए मुझे आपको यह सूचित करने का निदेश हुआ है कि·· ·········

या

मुझे निदेश हुआ है कि मैं आपके दिनांक·········के पत्र संख्या······की प्राप्ति स्वीकार करूं। मामले पर विचार/गौर किया जा रहा है। निर्णय की सूचना आपको यथा समय भेज दी जाएगी।

या

आज टेलीफोन पर आपसे जो बातचीत हुई उसकी पुष्टि में मुझे यह कहना है कि

या

मुझे आपका ध्यान इस मंत्रालय/विभाग के दिनांक ·· के पत्र संख्या ······की ओर आकर्षित करने तथा यह कहने का निदेश हुआ है कि·········

भवदीय
(Yours faithfully)
क. ख. ग.
अवर सचिव, भारत सरकार

संलग्न :
(Enclosures)

2. मंजूरी की सूचना (Sanction letter)

संख्या...............
भारत सरकार
स्वास्थ्य मंत्रालय

सेवा में
स्वास्थ्य सेवा महानिदेशक,
नई दिल्ली ।

नई दिल्ली, दिनांक ....

विषय :—उपनिदेशक के पदों को स्थायी बनाना

महोदय,

आपके दिनांक ....के पत्र संख्या .... के संदर्भ में मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि राष्ट्रपति ने स्वास्थ्य सेवाओं के महानिदेशालय में उपनिदेशक के उन दो अस्थायी पदों को जो तीन वर्ष से अधिक अवधि से विद्यमान हैं, दिनांक ... से स्थायी बना देने की मंजूरी प्रदान कर दी है (या मजूरी दी है) ।

इस मंजूरी के लिए वित्त मंत्रालय ने अपनी सहमति अनौपचारिक टिप्पणी (u. o. note) संख्या...........दिनांक.........के अन्तर्गत दी है ।

भवदीय,
च. छ. ज.
अवर सचिव, भारत सरकार

संख्या

नई दिल्ली, दिनांक ....

प्रतिलिपि केन्द्रीय राजस्व के महालेखाकार (Accountant General, Central Revenues), नई दिल्ली को सूचना से लिए प्रेषित ।

च. छ. ज.
अवर सचिव, भारत सरकार

3. कार्यालय ज्ञापन (Office Memorandum)

संख्या ......
भारत सरकार
गृह मंत्रालय
नई दिल्ली, दिनांक......पोष, 1883 (शक)
———————————
जनवरी, 1962

कार्यालय ज्ञापन

विषय :– अन्तिम शनिवार के बजाय दूसरे शनिवार को छुट्टी।

कुछ समय से भारत सरकार के सामने यह प्रश्न विचाराधीन था कि वेतन आयोग की सिफारिशों पर प्रत्येक मास एक शनिवार की जो छुट्टी की जाती है वह अन्तिम शनिवार को की जाय या इससे पहले किसी शनिवार को। सरकारी कर्मचारियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए यह निश्चय किया गया है कि····················

ट. ठ. ड.
उपसचिव, भारत सरकार

सेवा में

भारत सरकार के सभी मंत्रालय तथा विभाग
प्रधान मंत्री सचिवालय
मन्त्रिमंडल सचिवालय
राज्य सभा सचिवालय

प्रतिलिपि नियंत्रक तथा महालेखा परीक्षक, चुनाव आयोग, योजना आयोग, संघ लोक सेवा आयोग,·········को सूचनार्थ प्रेषित।

संख्या ····· ··
भारत सरकार
निर्माण, आवास तथा पुनर्वास मंत्रालय
(पुनर्वास विभाग)
नई दिल्ली, तारीख ········दिसम्बर 1963
कार्यालय ज्ञापन
विषय : तार का पता

★मुझे खाद्य तथा कृषि मंत्रालय इत्यादि को यह सूचित का निदेश हुआ है कि जनवरी 1964 से इस विभाग का तार का पता देवनागरी लिपि में प्राप्त तारों के

★ 'The undersigned is directed to state that' के लिए हिन्दी में 'मुझे यह कहने का निदेश हुआ है' का प्रयोग किया जाता है।

लिए 'पुनर्वास' तथा रोमन लिपि में तारों के लिए 'Punarvas' पंजीकृत (registered) करा लिया है। निवेदन है कि सभी संलग्न तथा अधीनस्थ कार्यालयों को भी इस बात की सूचना दे दी जाए।

ट. ठ. ड.
अवर सचिव, भारत सरकार

सेवा में

भारत सरकार के सभी मंत्रालय तथा विभाग।

संख्या ……… नई दिल्ली, दिनांक …………

प्रतिलिपि सूचना के लिए पुनर्वास विभाग के सभी अनुभागों तथा अधीनस्थ कार्यालयों को प्रेषित।

ट. ठ. ड.
अवर सचिव, भारत सरकार

स० 26/47/60—अक्क

भारत सरकार

निर्माण, आवास तथा संभरण मत्रालय

नई दिल्ली, दिनांक 18 जनवरी, 1961

कार्यालय-ज्ञापन

विषय:— हिन्दी में आवेदन-पत्र देना

मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि हाल ही में एक प्रश्न उठाया गया है कि सरकारी कर्मचारी, यदि चाहें तो, निवास स्थान के मामलों से सम्बन्धित फार्म हिन्दी में भर सकते है या नहीं। जानकारी के लिए सूचित किया जाता है कि यदि कोई सरकारी कर्मचारी इस प्रकार का कोई फार्म हिन्दी में भरे और इस मंत्रालय को कोई आवेदन, याचिका इत्यादि हिन्दी में भेजे, इस पर कोई एतराज न होगा।

गृह मंत्रालय इत्यादि से अनुरोध है कि वे इस कार्यालय-ज्ञापन की विषय-वस्तु से अपने अधान काम कर रहे सभी सरकारी कर्मचारियों को सूचित कर दें।

ह० ट. ठ. ड.
अवर सचिव, भारत सरकार

सेवा में

भारत सरकार के सभी मंत्रालय विभाग

प्रतिलिपि जानकारी के लिए मत्री, केन्द्रीय सचिवालय हिन्दी परिषद, नई दिल्ली को प्रेषित।

ह०– ट. ठ ड.
अवर सचिव, भारत सरकार

4. ज्ञापन (Memorandum)

संख्या …. …

भारत सरकार

विधि मंत्रालय

नई दिल्ली, दिनांक..............

ज्ञापन

श्री... .... ने .... पद पर नियुक्ति के लिए दिनांक .... को जो प्रार्थना-पत्र भेजा था उसके प्रसंग में उनको सूचित किया जाता है कि इस समय ऐसा कोई पद खाली नहीं है। भविष्य में जब कोई पद खाली होगा, तब उसकी सूचना रोजगार दफ्तरों को भेज दी जाएगी।

ह० क ख ग
अवर सचिव, भारत सरकार

सेवा में
श्री...............
2, हनुमान रोड,
नई दिल्ली।

संख्या 4/2/61-प्रशासन
भारत सरकार
रक्षा मंत्रालय
नई दिल्ली, दिनांक 19 आषाढ, 1883 (शक)

10 जुलाई, 1961

ज्ञापन

श्री........ चपरासी के विरुद्ध शिकायत मिली है कि वे ठीक वर्दी नहीं पहनते और अनेक बहाने बनाकर देर से दफ्तर आने की उनकी आदत बन गई है। श्री ... का इस प्रकार का आचरण बहुत आपत्तिजनक तथा दफ्तर के अनुशासन के खिलाफ है। अत. श्री को आदेश दिया जाता है कि इस ज्ञापन के मिलने के सात दिन के अन्दर सफाई पेश करें कि उपर्युक्त दोषों के आधार पर उनके विरुद्ध अनुशासनात्मक कार्रवाई क्यों न की जाए। यदि निर्धारित समय के अन्दर उन्होंने कोई सफाई पेश न की तो यह मान लिया जाएगा कि उन्हें कुछ नहीं कहना है और नियमानुसार उनके मामले का फैसला कर दिया जाएगा।

ह० ....

अवर सचिव, भारत सरकार

श्री...,
चपरासी
रक्षा मंत्रालय

संख्या
भारत सरकार
योजना आयोग

नई दिल्ली, दिनांक 1963

ज्ञापन

विषय : छुट्टी की मंजूरी

श्री.........के दिनांक .. के आवेदन के प्रसंग में और इस आयोग के दिनांक.........के ज्ञापन के आगे योजना आयोग के श्री .... को निम्न रूप से छुट्टी/छुट्टी में वृद्धि मंजूर की जाती है :—

1. अर्जित छुट्टी............दिन से तक
2. आधे वेतन पर छुट्टी....दिन से तक
3. असाधारण छुट्टी ....दिन से तक

श्री............को छुट्टी के पहले........ और बाद में ....जोड़ने की भी अनुमति दी गई थी/है।

छुट्टी समाप्त होने पर श्री ....द्वारा उसी पद का कार्य-भार संभालने की सम्भावना है/थी जिससे वह छुट्टी पर जा रहे हैं/गए थे। यह भी प्रमाणित किया जाता है कि श्री .....यदि छुट्टि पर न जाते तो वह अपने वर्तमान पद पर काम करते रहे होते।

....

अवर सचिव, भारत सरकार

सेवा में
श्री............,
............,
मार्फत (c/o).........
प्रतिलिपि :—
1.
2. कृते (for) अवर सचिव, भारत सरकार

संख्या ....
भारत सरकार
सम्पदा निदेशालय
नई दिल्ली, दिनांक ....

ज्ञापन

विषय : अगले वर्ष के आबटन (allotment) के लिए नए आवेदन-पत्र

अगले वर्ष में सरकारी मकानों के आबटन के लिए आवेदन-पत्र 20 नवम्बर 1969 तक मांगे गए थे। सिविल विमानन महानिदेशालय से वे अभी प्राप्त हुए हैं। उनसे निवेदन है कि कृपया भेजने में शीघ्रता करें।

ह० क. ख. ग.
सहायक निदेशक,
सम्पदा निदेशालय

सेवा मे
सिविल विमानन महानिदेशालय,
(Directorate General of Civil Aviation) नई दिल्ली।

5. अर्ध-सरकारी पत्र (Demi-official letter)

अ० स० संख्या (D. O. No.) ....

च. छ. ज.
अवर सचिव

भारत सरकार
वाणिज्य मंत्रालय
नई दिल्ली,
...............सितम्बर, 1963

प्रिय श्री (Dear Shri) ....

गत सप्ताह मंत्री महोदय ने नई आयात निति (import policy) निर्धारित करने के विषय में आपके कार्यालय से कुछ सूचना मंगाई थी। वह अभी तक प्राप्त नही हुई है। कृपया आप स्वयं निजी रूप से इस ओर ध्यान दें और कल तक वांछित (desired) सूचना भिजवाने का प्रबन्ध करें।

आपका
(Yours sincerely)
च छ. ज.

श्री ....
आयात नियत्रक,
नई दिल्ली।

———

ट. ठ. ड.

लोहा तथा इस्पात नियंत्रक

अ० स० संख्या······

लोहा तथा इस्पात नियंत्रक,

कलकत्ता

दिनांक·····················

प्रिय श्री············

पिछली बार जब मैं दिल्ली आया था, तब मैने आपका ध्यान इस ओर आकर्षित किया था कि देश में नए उद्योग खुलने से लोहे और इस्पात से बने सामान की खपत निरन्तर बढ़ने वाली है। इस सम्बन्ध में मैंने यह भी कहा था कि······ और सुझाव दिया था कि ·· ···। यह मामला बहुत महत्वपूर्ण है और इस पर शीघ्र ही निर्णय करने की आवश्यकता है। यदि आप इसकी स्थिति से मुझे सूचित कर सकें तो बड़ी कृपा होगी।

आपका

ह० ट. ठ. ड.

श्री··········,
संयुक्त सचिव,
·········मंत्रालय,
नई दिल्ली।

अर्ध-सरकारी पत्र

क० ख० ग०

महानिदेशक

अ० स० संख्या·· ······

भारत सरकार

स्वास्थ्य सेवा का महानिदेशालय

नई दिल्ली, दिनांक·······1963

प्रिय श्री············

अंशदायी स्वास्थ्य सेवा योजना से लाभ उठाने वाले व्यक्तियों की संख्या में जितनी वृद्धि हुई है वह आपको विदित ही है। परन्तु अब तक डाक्टरों की संख्या में कोई विशेष वृद्धि नहीं हुई है। इसके कारण सदस्यों को सन्तोषजनक सेवा नहीं मिल पा रही है। अतिरिक्त डाक्टरों की नियुक्ति के बारे में मैंने स्वास्थ्य मंत्रालय को प्रस्ताव भेजे हैं, भारत सरकार ने उनको अभी तक स्वीकार नहीं किया है। मेरा आपसे निवेदन है कि आप चिकित्सा केन्द्रों का स्वयं निरीक्षण करें और उसके आधार पर इस निदेशालय

के प्रस्तावों पर भारत सरकार का निर्णय शीघ्र प्राप्त करने की कृपा करें।

आपका

क० ख० ग०

श्री ....
संयुक्त सचिव,
स्वास्थ्य मंत्रालय,
नई दिल्ली।

6. पृष्ठांकन (Endorsement)

संख्या ....
भारत सरकार
रक्षा मन्त्रालय

नई दिल्ली, दिनांक ....

निम्नलिखित पत्रों की एक-एक पति सूचना तथा आवश्यक कारंवाई के लिए अधोलिखित कार्यालयों को प्रेषित की जा रही है : —

(1) मुख्य प्रशासनिक अधिकारी .....
(2) ....
(3) ....

प्रेषित किए गए पत्रों की सूचि :

(1) गृह मत्रालय का ज्ञापन सं०.. ....
(2) वित्त मंत्रालय का कार्यालय ज्ञापन सं०
....

कृते अवर सचिव, भारत सरकार

पृष्ठांकन का दूसरा नमूना (पत्र के बाद का भाग देखिए)

संख्या ....
भारत सरकार
वित्त मंत्रालय

सेवा में
....

नई दिल्ली, दिनांक.........1963

विषय ....

महोदय,

उपर्युक्त विषय पर आपके पत्र संख्या.......दिनांक.........के उत्तर में मुझ

यह कहने (सूचित करने) का निदेश हुआ है कि·········

भवदीय
क० ख० ग०
अवर सचिव, भारत सरकार

संख्या·········
दिनांक········ 1963

आवश्यक कार्रवाई/सूचना के लिए निम्नलिखित को प्रतिलिपियां प्रेषित·········

(1) ···············

(2) ···············

क० ख० ग०
कृते अवर सचिव, भारत सरकार
(for Under Secretary to the Government of India)

---

7. कार्यालय आदेश (Office Order)

भारत सरकार
खाद्य तथा कृषि मंत्रालय
(कृषि विभाग)

श्री···········, अनुभाग अधिकारी, को छुट्टी से वापस लौटने पर············ अनुभाग में तैनात किया जाता है।

अवर सचिव

प्रतिलिपि निम्नलिखित को प्रेषित :

1. सभी अनुभाग
2. श्री···········, अनुभाग अधिकारी

---

8. तुरन्त-पत्र (Express Letter)

प्रेषक : भारतीय राजदूतावास, वाशिंगटन

सेवा में : विदेश मंत्रालय, नई दिल्ली।

संख्या···········
वाशिंगटन दिनांक·········196

भारत और अमरीका के बीच सांस्कृतिक सम्पर्क विषयक योजनाओं के सम्बन्ध में आपकी मंजूरी अभी तक अपेक्षित है। मामला अत्यन्त आवश्यक। उत्तर अविलम्ब दिया जाए।

च० छ० ज०
प्रथम सचिव,
भारतीय राजदूतावास, वाशिंगटन

9. तार (Telegram)

तार सरकारी

विकास

बम्बई

क्रमांक 3/2/61 बीस नम्बरका आपका पत्र। आपकी सभी योजनाएं स्वीकृत। विस्तृत हिदायतें अलगसे प्रेषित

योजनायोग

(तार में सम्मिलित करने के लिए नहीं)

च० का० शर्मा

अवर सचिव, योजना आयोग

भारत सरकार

योजना आयोग

क्रमांक ········ नई दिल्ली दिनांक··· · 1963

पुष्टि के लिए प्रतिलिपि सचिव, महाराष्ट्र सरकार, विकास विभाग बम्बई को डाक द्वारा प्रेषित।

च० का० शर्मा

अवर सचिव, योजना आयोग

10 अनौपचारिक टिप्पणी (U. O Note)

परिवहन मंत्रालय

विषय औरंगाबाद में पर्यटक कार्यालय के लिए स्थान

औरंगाबाद में पर्यटक (tourists) की सुविधा के लिए इस मंत्रालय ने एक पर्यटक कार्यालय खोलने का निश्चय किया है। इसके लिए वहां कोई सरकारी इमारत उपलब्ध नहीं है। पर्यटन निदेशक ने एक निजी इमारत दो साल के लिए किराये पर लेने का प्रस्ताव भेजा है। इमारत में ···· वर्ग फीट जगह है और यह ··· ······ रुपये प्रति मास के किराए पर मिल सकती है। इससे पूर्व कि मामले पर अन्तिम निर्णय किया जाय, निर्माण तथा आवास मंत्रालय देखे और यह बताने की कृपा करें कि क्या प्रस्तावित किराया वाजिब है। सम्बन्धित इमारत की स्थिति, कमरों के आकार आदि का विवरण पर्यटक निदेशक के पत्र के साथ संलग्न है।

च० छ० ज०

अवर सचिव

निर्माण तथा आवास मंत्रालय।

परिवहन मन्त्रालय अ० टि० सं०·········दिनांक············1966

11. अधिसूचना (Notification)

(भारतीय राजपत्र के भाग 1 खण्ड 2 मे प्रकाशन के लिए)

भारत सरकार

सूचना तथा प्रसारण मंत्रालय

नई दिल्ली, दिनांक………… 1963

अधिसूचना

संख्या 3/5/62-प्रशासन (1) केन्द्रीय सचिवालय सेवा के प्रथम ग्रेड के अधिकारी श्री रामशरण शर्मा ने अर्जित छुट्टी से लौटने पर सूचना तथा प्रसारण मन्त्रालय में तारीख 10 जनवरी, 1963 पूर्वाह्न से अवर सचिव कार्य भार सम्भाल लिया है।

सूर्य प्रकाश टंडन

अवर सचिव, भारत सरकार

सेवा में

प्रबन्धक,

भारत सरकार प्रेस,

फरीदाबाद।

---

12. (संकल्प Resolution)

(भारतीय राजपत्र के भाग 1 खण्ड 1 में प्रकाशन के लिए)

भारत सरकार

विधि मन्त्रालय,

नई दिल्ली, दिनांक…………1963

संकल्प

कम आय वाले नागरिकों को थोडे व्यय पर कानूनी सहायता उपलब्ध कराने के प्रश्न पर भारत सरकार कुछ समय से विचार करती रही है। सरकार ने इस विषय में सिफारिश करने के लिए एक समिति बनाने का निश्चय किया है जिसका गठन निम्न प्रकार होगा :—

अध्यक्ष	:	श्री…………
सदस्य	: 1.	श्री…………
	2.	श्री…………
	3.	श्री…………
	4.	श्री…………
सदस्य सचिव		श्री…………

समिति के विचारणीय विषय (terms of reference) निम्नलिखित होंगे :—

(क) ....
(ख) ....
(ग) ... .

आदेश :—आदेश है कि संकल्प की एक-एक प्रति समिति के समस्त सदस्यों को भेजी जाए। यह भी आदेश है कि यह सकल्प भारतीय राजपत्र में जन-साधारण की सूचना के लिए प्रकाशित किया जाए।

ह० च० पटेल
संयुक्त सचिव, भारत सरकार

सेवा में

प्रबन्धक,
भारत सरकार प्रेस,
फरीदाबाद।

संख्या.........　　　　　　　　　　दिनांक............1964

प्रतिलिपि सूचना के लिए निम्नलिखित को प्रेषित :—

1. सभी राज्य सरकारों के मुख्य सचिव
2. ... .
3. ....
4. ....

ह० श्याम नारायण
अवर सचिव, भारत सरकार

13 प्रैस-विज्ञप्ति (Press communique)

(दिनांक ...... को ...... बजे से पूर्व प्रकाशित या प्रसारित न किया जाए)

भारत और सूडान के बीच राजनयिक सम्बन्ध

भारत सरकार और सूडान सरकार ने राजदूतावास के स्तर पर राजनयिक सम्बन्ध स्थापित करने का निश्चय किया है। उसके परिणामस्वरूप ....

विज्ञप्ति प्रधान सूचना अधिकारी, पत्र सूचना कार्यालय, नई दिल्ली, को जारी करने और व्यापक प्रचार करने के लिए भेजी जाती है।

म० किदवई
उपसचिव, विदेश मन्त्रालय

विदेश मंत्रालय

14. आकस्मिक छुट्टी के लिए आवेदन-पत्र (Application for casual leave)

सेवा में

अवर सचिव (प्रशासन)
लोक सभा सचिवालय,
नई दिल्ली।

महोदय,

निवेदन है कि अस्वस्थ होने (या आवश्यक कार्य) के कारण मैं कार्यालय मे उपस्थित होने में असमर्थ हूं। कृपया आज की आकस्मिक छुट्टी देकर अनुगृहीत करें।

भवदीय

....

दिनांक..............

सहायक

तारों के हिन्दी में मसौदे

जिस प्रकार तार अंग्रेजी मे भेजे जाते है उसी प्रकार वे हिन्दी मे भेजे जा सकते हैं। हिन्दी-तारों मे शब्दों की संख्या गिनने के कुछ विशेष नियम है। यदि उन नियमों का ध्यान रख कर तार का मसौदा हिन्दी मे बनाया जाय तो उससे दामों मे काफी बचत होती है। मुख्य नियम इस प्रकार है : —

(क) दस अक्षरों तक के शब्द पर एक शब्द का तार-प्रभार (telegraph charge) लगता है यदि एक शब्द मे दस से अधिक अक्षर हो तो दस-दस अक्षरों का एक और जो अक्षर बाकी बच रहे उनका भी एक शब्द माना जाएगा।

(ख) मात्राओ को अलग अक्षर नही गिना जाता। जैसे ज+ी 'जी' एक ही अक्षर माना जाता है।

(ग) अधिक से अधिक दस अक्षर वाले सम्पूर्ण क्रिया-वाचक वाक्य/वाक्यांश को तार प्रभार के लिए एक ही शब्द गिना जाता है जैसे – 'आरहाहू', 'भेजदियागया', 'पहुचादियाजाएगा', इनको एक-एक शब्द ही माना जाएगा। अंग्रेजी तार के हिसाब से 'has been sent' इत्यादि तीन शब्द माने जाएगे।

(घ) विभक्तियो के चिह्नों अथवा सम्बन्ध सूचक शब्दो जैसे ने को, के लिए, का, की, के, मे, पै, पर, से आदि को पहले शब्द के साथ मिला कर लिखना चाहिए। जैसे मोहनको, दिल्लीमे रामकेलिए स्टेशनपर, आदि विभक्ति मिला हुआ शब्द एक ही शब्द गिना जाता है।

(ङ) समासयुक्त शब्द भी एक ही शब्द गिना जाता है। जैसे उत्तर भिलाषी, पराधीन, सन्तोषजनक, अत्यावश्यक आदि एक ही शब्द माने जाते है।

(च) संयुक्त व्यजनों मे प्रत्येक अक्षर को तार-प्रभार के लिए अलग-अलग गिना जाएगा, जैसे क्त, क्व, स्थ, क्ष त्र, ज्ञ, र्म आदि दो-दो अक्षर तथा स्थ्य तीन अक्षर माने जाएंगे।

(छ) यदि बीच में स्थान न छोडा गया हो और दस से अधिक अक्षर न हों तो प्रधानमन्त्री, मुख्यमन्त्री, प्रधानसम्पादक, सहायकसम्पादक आदि एक ही शब्द गिने जाएगे।

(ज) व्यापारिक चिह्न या संख्याए गिनने के लिए पांच अंको या चिह्नो तक के समूह को 'शब्द' गिना जाता है।

(झ) जिस स्थान को तार भेजा जा रहा है उसके नाम को एक शब्द माना जाता है, परन्तु उसे उस रूप में लिखना चाहिए जैसे तार निर्देशिका में नामों की सूचि में लिखा गया है। उदाहरण के लिए 'विक्टोरिया गार्डन बम्बई' को एक शब्द गिना जाएगा।

(ञ) शब्दों के प्रारम्भिक अक्षरों में से प्रत्येक को एक शब्द माना जाता है जैसे यदि 'केन्द्रीय लोक निर्माण विभाग' के लिए के० लो० नि० वि०' लिखा जाए तो ये 4 शब्द माने जाएंगे।

(ट) प्रत्येक विराम चिह्न और कोष्ठकों को भी एक शब्द माना जाता है। दो शब्दों के बीच यदि वक्र रेखा का प्रयोग हुआ हो तो उसको भी एक शब्द माना जाएगा। जैसे, 'मई/जून' को तीन शब्द गिना जाएगा।

नीचे ऐसे अनेक वाक्यांश दिए जाते है जो सरकारी तारों में बहुधा काम में आते है परन्तु यदि वे अंग्रेजी में लिखे जाए तो दो-दो, तीन-तीन अथवा इससे अधिक शब्दों का प्रभार देना पड़ेगा परन्तु उसी के लिए हिन्दी के तार में एक एक शब्द का ही प्रभार लगेगा :—

Ad hoc तदर्थ
Again and again बारबार
Air service वायुसेवा
As a matter of fact वस्तुतः
As and when जबकभी
As early as posible यथाशीघ्र
As soon as ज्योंही
By goods train मालगाड़ी में
Channel through proper विधिवत्
Closing balance इतिशेष
Committee, Finance वित्तसमिति
Consideration, under विचाराधीन
Contravention of rule नियमोल्लंघन
In public interest लोकहितमें
Minister, Agriculture कृषिमन्त्री
Month to month मासानुमास
New year, from the नववर्षसे
No objection certificate आपत्तिजनक
Part time अंशकालिक
Per cent प्रतिशत
Prescribed time limit नियतावधि
Date of arrival आगमनतिथि
Day and night रातदिन
Debarred from service सेवापारित
Difference of opinion मतभेद
Director Gerneral महानिदेशक
Ex post facto कार्योत्तर
For the present फिलहाल
Half Yearly छमाही
I absence of information सूचनाभावमें
Inadvertence through अनजानेमें
In due course यथासमय
Prior approval, with पूर्वानुमोदनसे
Registered post, by रजिस्ट्रीसे
Secretary, Deputy उपसचिव
So long as जबतक
Time scale समयमान
Will be able to come आसकूंगा, आसकेगा
Without delay अविलम्ब

इन बातों का ध्यान रख कर तारों के मसौदे हिन्दी में इस प्रकार लिखे जा सकते हैं :

1. Continuance temporary posts sanctioned for another year.
   अस्थायी पदोंका जारीरखना एक सालकेलिए और स्वीकृत

2. Your proposals for..............approved (.) Commence work immediately.
   ……—…केलिए आपके प्रस्ताव अनुमोदित काम तुरन्त शुरूकरदें

3. Substitute not yet arrived (.) Work suffering.
   एवजी अभीतक नहीं पहुंचा कामका हर्ज होरहाहै

4. Attend Civil Surgeon Agra 5th July for medical examination.
   डाक्टरी परीक्षाकेलिए सिविलसर्जन आगरासे पाच जुलाईको मिलिए

5. Expedite medical report of............(.) Appointment held up.
   ………की डाक्टरी रिपोर्ट शीघ्रभेजिए नियुक्ति रुकीपड़ीहै

6. Resignation Shri ....Superintendent accepted with effect from 1-7-63 (A. N).
   श्री………अधीक्षकका त्यागपत्र एक जुलाई अपराह्नसे स्वीकृत

7. Reference your telegram 17th instant (.) Release order of Mehra will issue after Corporation agrees to foreign service terms.
   प्रसग आपका इसमासी सत्रहका तार (.) मेहराका कार्यमुक्ति आदेश कारपोरेशन द्वारा इतर सेवा शर्तें स्वीकार करनेपर जारीहोगा।

8. Ramgopal transferred to Ambala relieve him immediately.
   रामगोपाल अम्बालाको स्थानान्तरित उसे तुरन्त कार्यमुक्त कीजिए

9. Instruct Rao to report...............office New Delhi eighth June positively.
   रावको…… ……कार्यालय नईदिल्लीमें आठ जूनको अवश्य उपस्थितहोनेको कहे

10. Shri.............should join immediately (.) Grateful if date of his release could be communicated telegraphically.
    श्री………तुरन्त आजाए (.) उनको वहांसे छोड़नेकी तारीख तारसे सूचितकरके अनुगृहीतकीजिए

11. Expedite last pay certificate of Srinivasan and Modi.
    श्रीनिवासन और मोदीके अन्तिम वेतन प्रमाणपत्र शीघ्र भिजवाइए

12. Send pay of staff early.
    स्टाफका वेतन शीघ्र भेजिए

13. Refer this office letter... ....June 26 (.) Issue pay slips of officers urgently.
हवाला इस कार्यालयका छब्बीस जूनका पत्र (.) अफसरोंकी वेतन पर्चियां जारीकीजिए

14. Convey sanction telegraphically for grant of earned leave to...............
.... को अर्जित छुट्टीकी मंजूरी तारसे सूचितकीजिए

15. Report if wife of Sepoy............actually ill.
रिपोर्टदो क्या सिपाही............की पत्नी वास्तवमें बीमार है

16. Technical assistant to attend Shillong work first (.) Postpone his leave.
तकनीकीसहायकको पहले शिलांगका काम देखनाहै उनकी छुट्टी स्थगितकरें

17. Your letter seventeenth June (.) Regret extension of leave not possible (.) Resume duty June twenty-fourth positively (.)
सत्रह जूनका आपका पत्र (.) खेदहै छुट्टी बढ़ाना सम्भव नहीं (.) चौबीस जूनको कामपर अवश्य आजाइए

18. Expedite saction for winter liveries.
शीतकालीन (सर्दियोंकी) वर्दीकी मंजूरी भेजिए

19. Airlift for Verma's children being arranged on clear stipulation that cost involved will be borne by Verma.
वर्माके बच्चोंको वायुयानसे लानेकी व्यवस्था स्पष्टत इस शर्तपर कीजारहीहै कि व्यय वर्मासे लियाजाएगा

20. Advice of Comptroller and Auditor General has been sougth (.) Further communication will follow on receipt of his advice.
नियन्त्रक तथा महालेखापरीक्षककी सलाह मांगीगईहै (.) उनकी सलाह मिलनेपर फिर लिखाजाएगा

21. Four-roomed house having floor area 1540 square feet available for office (.) Rent Rs. 240/- p.m. (.) Wire approval
कार्यालयकेलिए चार कमरेका मकान फर्शक्षेत्रफल 1540 वर्गफीट मिलरहाहै (.) किराया 240 रुपये मासिक (.) अनुमोदनका तारदें

22. Hiring of accommodation on proposed terms not approved.
प्रस्तावित शर्तोंपर स्थान किराएपर लेनेका अनुमोदन नहीं

23. Rent of building appears high (.) Negotiate for reduction to Rs. 150/- p.m.
इमारतका किराया अधिक मालूम होताहै (.) 150 रुपये मासिकतक

घटानेकेलिए वार्ता करें।

24. Proposal to sanction rupees one lakh for continuing relief work under consideration (.) Sanction will issue as soon as agreed to.
सहायताकार्यको चालू रखनेकेलिए एक लाख रुपयेकी मंजूरीका प्रस्ताव विचाराधीन (.) स्वीकृत होतेही भेज दीजाएगी

25. Remittance despatched kindly arrange jeep or other conveyance to point where road blocked.
रुपया भेज दिया जीप या अन्य वाहन सड़क अवरुद्ध होनेके स्थानपर पहुंचाइए

26. Utilise grants fully by 25th March balance should be refunded by 30th.
अनुदानको पच्चीस मार्च तक पूरा काममे लेआइए शेषको तीस तक वापस करना होगा

27. Road blocked (.) Remittance will be sent when road reopens.
सड़क अवरुद्ध खुलनेपर रुपया भेजा जाएगा

28. Gupta and Company Chartered Accountants Simla appointed Auditors for next financial year (.) Formal orders follow.
अगले वित्त वर्षकेलिए शिमलाकेचार्टर्ड लेखाकार गुप्ता एण्ड कम्पनी लेखा परीक्षक नियुक्त हुए (.) औपचारिक आदेश आरहेहै

29. No objection going to Delhi via Nagpur.
नागपुर होकर दिल्ली जानेमें कोई आपत्ति नही

30. Patel reaching Calcutta 2nd June 18 10 hours. Meet airport.
पटेल कलकत्ता दो जून 18 10 बजे पहुंचरहे हैं हवाई अड्डेपर मिलिए

31. Director reaching Rampur twentieth morning Lucknow Express.
निदेशक बीसकोसुबह लखनऊ एक्सप्रेससे रामपुर पहुंच रहेहै।

32. Reaching Kotah sixteenth morning (.) kindly arrange accommodation (.)
कोटा सोलहको पहुंचरहाहूं कृपया ठहरने का प्रबन्ध कीजिए

33. Please meet Deputy House Minister at Kanpur on 18th July and accompany him on tour.
कृपया गृह उपमन्त्री को कानपुर में 18 जुलाई को मिलिए और उनके साथ दौरे पर जाइए

34. Arriving tomorrow by Air India ten hours send staff car.

कल एयरइंडियासे दस बजे पहुंचरहाहूं स्टाफकार भेजिए

35. Committee meeting will be held on 22nd and 23rd August at Bangalore instead 21st and 22nd.
...........समितिकी बैठक बंगलोरमें 21 और 22की बजाए 22 और 23 को होगी

36. Please confirm if all delegates invited conference have accepted.
पुष्टिकीजिए क्या सम्मेलनमें आमन्त्रित सभी प्रतिनिधियोंसे स्वीकृति आगईहै

37. Proceeding on U. N. fellowship to Japan (.) Regret inability to attend (.)
संयुक्तराष्ट्र फैलोशिपपर जापान जारहाहूं खेद है सम्मिलित न हो सकूंगा

38. Quarterly Progress report ending December still awaited (.) Progress being discussed in meeting 2nd March (.) Expedite despatch.
दिसम्बर अन्तकी तिमाही प्रगतिरिपोर्टअभीभी प्रतीक्षित (.) प्रगतिपर चर्चा दो मार्चकी बैठक में होगी (.) जल्दी भिजवाइए

39. You may be required to participate in meeting of experts convened by .. ..Commission on.........Letter follows.
.......कमीशनद्वारा .... को संयोजित विशेषज्ञोंकी बैठकमें आपको भागलेनेको कहा जासकताहै पत्र आरहाहै

40. Agenda papers not received (.) Expedite.
कार्यसूची (एजेंडा) के कागजपत्र नहीं आए जल्दीकीजिए

41. Your telegram No. 637 dated tenth (.) Change of date of meeting from second to first March approved.
आपका दिनाक दसका तार संख्या 637 बैठककी तारीखका परिवर्तन दोसे पहली मार्चकेलिए अनुमोदित

42. Please inform whether Shri.........admitted to training course.
सूचित कीजिए क्या श्री ..... ट्रेनिंगकोर्समें दाखिल करलिएगए

43. All seats sixteenth course already allotted (.) Regret admission two persons not possible.
सोलहवें कोर्सकेलिए सभी सीटें पहलेही आबंटित (.) खेद है दो व्यक्तियोंका प्रवेश (दाखिला) सम्भव नहीं

44. You are admitted to departmental examination 8th and 9th February.
आपको आठ और नौ फरवरीकी विभागीय परीक्षामें बैठनेकी स्वीकृति दीजाती है

45. Grateful if Minister addresses trainees on Monday twenty third (stop) Shall fix programme accordingly
अनुग्रहहोगा यदि मन्त्री महोदय प्रशिक्षणार्थियोंके सामने सोमवार तेईसको अभिभाषण दें (.) तदनुसार प्रोग्राम निश्चित करूंगा

46. Seventeenth January declared public holiday due to centennial anniversary Viveka and birthday.
विवेकानन्द जन्मशताब्दीके उपलक्षमे सत्रह जनवरीको सार्वजनिक छुट्टी घोषित

47. Close office in afternoon owing to death of ....
.... के निधनके कारण दोपहर बाद कार्यालय बन्दरखे

48. Muharram holiday will be obseved on 22nd September instead 21st.
मुहर्रमकी छुट्टी इक्कीसकी बजाय बाईस सितम्बरको होगी

जिन कार्यालयों मे काफी संख्या मे तार आते है, वे अपना तार का संक्षिप्त पता तारघर मे पंजीकृत (रजिस्टर्ड) करा लिया करते है। ये पते हिन्दी तारों के लिए भी पंजीकृत होते हैं। एक ही प्रकार का पता हिन्दी और अंग्रेजी तारों के लिए पंजीकृत कराया जा सकता है। विभिन्न कार्यालयों के जो तार पते अंग्रेजी में निश्चित किए गए है उनका कोई समान आधार नही है। हिन्दी के पते निम्नलिखित आधार पर बनाए जा सकते है :—

शब्द	अपनाने योग्य संक्षिप्त रूप	उदाहरण
मंत्रालय	'म'	विदेश मंत्रालय के लिए 'विदेशम'
विभाग	'विभ'	कृषि विभाग के लिए कृषिविभ'
निदेशक/निदेशालय	निद	डाइरेक्टोरेट आफ पर्चेज के लिए 'क्रयनिद'
महानिदेशक	मनि (म = महा नि = निदेशक)	वेधशालाओ (आवजरवेटरीज)के महानिदेशक के लिए वेधमनि'
विकास	विक	भूमि विकास अधिकारी के लिए 'भूमिविक'
इंजीनियर	इंजी	बिजली इंजीनियर के लिए 'इंजीविज'
नियत्रक	नित्र	चम्बल नियंत्रण बोर्ड के लिए 'चम्बनित्र'
आयुक्त	युत	आयकर आयुक्त के लिए आयकरयुत'

....

गजट अधिसूचनाएं

(a) Appointments and extension of service

1. Shri ....is appointed as Statistical Officer (Class II) in the National Atlas Organisation in a temporary capacity with effect from 1st January, 1963 until further orders.

   श्री ·· · ····· को राष्ट्रीय एटलस सगठन में 1 जनवरी, 1963 से अगले आदेश तक अस्थायी रूप से सांख्यिकीय अधिकारी (श्रेणी 2) नियुक्त किया जाता है।

2. Shri .. .., a permanent Grade IV Officer of the Central Sec etariat Seevice, has been appointed to officiate as Section Officer in the Department of... ....for a period not exceeding 3 months with effect from 7th January, 1963.

   श्री ··· को, जो केन्द्रीय सचिवालय सेवा के चतुर्थ ग्रेड के स्थायी अधिकारी हैं, 7 जनवरी 1963 से लेकर अधिक से अधिक तीन महीने तक की अवधि के लिए ········विभाग में स्थानापन्न रूप से अनुभाग अधिकारी नियुक्त किया गया है।

3. The President is pleased to appoint ....a permanent officer of the Punjab State Civil Service (Judicial Branch), to officiate Junior Law Officer in the Law Commission Branch, Ministry of Law, with effect from the forenoon of the 5th January, 1963 until further orders.

   राष्ट्रपति ने पंजाब राज्य सिविल सेवा (न्याय शाखा) के स्थायी अधिकारी श्री ········को, 5 जनवरी, 1963 के पूर्वाह्न से लेकर अगला आदेश मिलने तक विधि मन्त्रालय की विधि आयोग शाखा में स्थानापन्न कनिष्ठ विधि अधिकारी नियुक्त किया है।

4. The President is pleased to appoint Shri..........., a permanent officer of the Section Officer's Grade of the Central Secretatriat Service, to officiate in Grade I of the Service, for the period from 27th December, 1962 to 20th March, 1963.

   राष्ट्रपति ने केन्द्रीय सचिवालय सेवा के अनुभाग अधिकारी ग्रेड के स्थायी अधिकारी, श्री······को 27 दिसम्बर, 1962 से लेकर 20 मार्च, 1963 तक की अवधि के लिए उस सेवा के प्रथम ग्रेड में स्थानापन्न रूप से नियुक्त किया है।

5. The President is pleased to appoint Shri......, formerly Deputy Secretary in the Ministry of Steel, Mines and Fuel (Department of Iron and Steel), as Officer on Special Duty in the Ministry of Commerce and Industry with effect from the afternoon of the 29th December, 1961, until further orders.

   राष्ट्रपति इस्पात, खान और ईंधन मन्त्रालय (लोहा और इस्पात विभाग) के भूतपूर्व उपसचिव श्री ········को 29 दिसम्बर, 1961 के अपराह्न से अगले आदेश दिए जाने तक वाणिज्य तथा उद्योग मन्त्रालय में विशेष अधिकारी नियुक्त करते हैं।

6. The President is pleased to grant extension of service to Shri.........a substantive Director in the Department of......for a further period of one year with effect from the forenoon of the 24th February, 1962.

   राष्ट्रपति इस विभाग के स्थायी निदेशक श्री ·····का सेवाकाल 24 फरवरी, 1962 के पूर्वाह्न से एक वर्ष के लिए और बढ़ाते हैं।

7. Shri ....relinquished charge of the office of the Section Officer and assumed charge as Assistant Director (Admn) in the Office of the Development Commissioner, Small Scale Industries, New Delhi on the afternoon of 2nd January, 1963.

   श्री ·····ने 2 फरवरी, 1963 को अपराह्न मे अनुभाग अधिकारी का कार्यभार छोड़ा और विकास कमिश्नर, लघु उद्योग, नई दिल्ली के कार्यालय में सहायक निदेशक (प्रशासन) का कार्य-भार संभाला।

8. The officiating appointments of the following individuals as Assistant Research Officers (General Central Service Class II) in......Research Institute are extended from the dates noted against each until further orders:—

   ·· ··· ···············अनुसन्धान संस्था में निम्नलिखित व्यक्तियों की सहायक अनुसन्धान अधिकारी (सामान्य केन्द्रीय सेवा द्वितीय श्रेणी) के पद पर की गई स्थानापन्न नियुक्तियों की अवधि को, उनके नाम से आगे लिखी तारीखों से अगले आदेश होने तक और बढ़ाया जाता है :—

9. Shri............., an officiating Superintendent of Central Excise, Jamshedpur Circle, held additional charge of Ranchi Circle with effect from 24th to 30th December, 1962 *vice* Shri......... Superintendent of Central Excise, Ranchi, proceeded on 9 days earned leave.

केन्द्रीय उत्पाद शुल्क के जमशेदपुर परिमंडल के स्थानापन्न केन्द्रीय उत्पाद शुल्क अधीक्षक, श्री······ने रांची के केन्द्रीय उत्पाद शुल्क अधीक्षक श्री······ के 9 दिन अर्जित छुट्टी पर चले जाने पर 24 दिसम्बर से 30 दिसम्बर 1962 तक रांची परिमंडल का अतिरिक्त कार्य-भार संभाला।

10. Shri..............., Income Tax Officer, 'B' Ward, Jullundur has been appointed, in addition to his own duties, as Income Tax Officer, A- Ward, Jullundur, from 28th December. 1962 *vice* Shri................. proceeded on leave.

श्री······के छुट्टी चले जाने पर जालंधर 'बी' वार्ड के आयकर अधिकारी, श्री······को उनके अपने काम के अलावा 28 दिसम्बर, 1962 से जालंधर 'ए' वार्ड का भी अधिकारी नियुक्त किया गया है।

Tabulator	सारणीकार, तालिकाकार
Taxation Inspector	कराधान निरीक्षक
Technical Assistant	तकनीकी सहायक
Technician	प्रविधिज्ञ, तकनीशियन
Technologist	शिल्प विज्ञानी
Telecommunication Engineer	दूरसंचार इंजीनियर
Telegraphist	तार संकेतक
Telegraph Master	तार मास्टर
Time Keeper	समयपाल, टाइम कीपर
Tourist Publicity Officer	पर्यटन प्रचार अधिकारी
Tracer	अनुरेखक
Traffic Manager	यातायात प्रबन्धक
Train Examiner	गाड़ी परीक्षक
Translator	अनुवादक

Transportation Inspector	परिवहन निरीक्षक
Treasurer	कोषपाल, कोषाध्यक्ष
Treasury Officer	कोषाधिकारी, खजाना अधिकारी
Trustee	न्यासी, ट्रस्टी
Typist	टाइपिस्ट, टंकक
Under Secretary	अवर सचिव
Upper Division Clerk	उच्च श्रेणी लिपिक/क्लर्क
Verification Officer	सत्यापन-अधिकारी
Vice-Chancellor	कुलपति
Vice-President	1. उपराष्ट्रपति 2. उप प्रधान
Vigilance Officer	चौकसी अधिकारी, सतर्कता अधिकारी
Village Level Worker	ग्राम सेवक
Wage Inspector	मजदूरी निरीक्षक
Wagon Controller	माल डिब्बा नियंत्रक
Warder	वार्डर
Watch and Ward Inspector	पहरा-निगरानी निरीक्षक
Welfare Officer	कल्याण अधिकारी
Wireless Operator	बेतार प्रचालक
Worker	कामगार
Workman	कर्मकार
Works Manager	कर्मशाला प्रबन्धक, कारखाना प्रबन्धक
X-Ray Assistant	एक्सरे-सहायक
Yard Supervisor	यार्ड पर्यवेक्षक

———

भाग 5

हिन्दी कार्यशालाएं

हिन्दी कार्यशालाएं

सरकारी कार्यालयों में जिन अधिकारियों और कर्मचारियों को हिन्दी आती है लेकिन अभ्यास न होने के कारण जिन्हें सरकारी काम काज हिन्दी में करने में झिझक है, उनकी झिझक को मिटाने के लिए भारत सरकार के अनेक कार्यालयों में हिन्दी कार्यशालाओं का आयोजन किया जा रहा है। ये कार्यशालाएं अनेक मंत्रालयों, विभागों और कार्यालयों में आयोजित हो चुकी हैं और उनका काफी लाभ हुआ है।

इन कार्यशालाओं का उद्देश्य न तो कर्मचारियों को देवनागरी लिपि सिखाना है, और न अनुवाद की कला ही। इसका मुख्य उद्देश्य सरकारी कामकाज में प्रयुक्त होने वाली व्यावहारिक हिन्दी का अभ्यास करवाना है जिससे कार्यशालाओं मे सम्मिलित होने वाले व्यक्ति मौलिक रूप से हिन्दी में मसौदे और टिप्पणियां लिख सकें।

सरकार के अनेक विभाग है और उन विभागों के अधीन कार्यालयों में अलग-अलग ढंग के काम होते हैं। इसलिए कार्यशालाओं का रूप सभी के लिए एक जैसा नहीं हो सकता। फिर भी नियुक्ति, तैनाती रख-रखाव, लेखा आदि ऐसे अनेक विषय हैं जिनसे सम्बन्धित काम सभी कार्यालयों में होता है। इस प्रकार के मामलों की पाठ्य-सामग्री सामान्य सुविधा की दृष्टि से इस भाग में प्रस्तुत की जा रही है। यह जरूरी नहीं कि कार्यशाला के प्रशिक्षक केवल इसी सामग्री को उपयोग में लाएं। प्रशिक्षणार्थियों की योग्यता, रुचि और आवश्यकताओं के अनुसार तथा अपने कार्यालयों में होने वाले काम की प्रवृत्ति के अनुसार वे यदि अपनी ओर से भिन्न सामग्री काम में लाना चाहें तो वह उचित ही होगा।

विविध अध्यायों में विभिन्न विषयों की टिप्पणियां और मसौदे लिखने का अभ्यास कराने के लिए जो सामग्री प्रस्तुत की गई है पहले उनमें कुछ उदाहरण दिए गए हैं जिन्हें प्रशिक्षक अपनी ओर से रखना चाहेंगे। उनके बाद कुछ स्थितियां (situation) रखी गई हैं जिन पर विचार करके कार्यशाला में सम्मिलित होन वाले व्यक्ति मौलिक

रूप में टिप्पणियां लिखने या मसौदे तैयार करने का अभ्यास कर सकें। उनके सामने प्रशिक्षकगण पहले टिप्पणियों या मसौदों के कुछ उदाहरण मौखिक रूप से बता दें और फिर लिखने का अभ्यास कराएं। लिखित कार्य को तत्काल देखकर प्रशिक्षक आवश्यकतानुसार मार्ग-दर्शन कर दें।

प्रशिक्षक यह बात विशेष तौर से स्पष्ट कर दें कि उनकी ओर से रखे जाने वाले नमूने या इस भाग में दी गई सामग्री सिर्फ नमूने ही हैं। एक ही बात कई ढंग से कही जा सकती है। इसलिए यह जरुरी नहीं है कि कार्यशाला में प्रस्तुत किए गए नमूनों के इन रूपों को ही 'अधिकृत' माना जाए।

विभिन्न कार्यालय अपने काम से सम्बन्धित मुख्य-मुख्य विषयों की कुछ फाइलों में से ऐसी टिप्पणियां अथवा पत्र आदि चुन सकते है जिन्हें कार्यशाला में रखा जा सके और जिन पर विचार करके कार्यशाला में आने वाले व्यक्ति सम्बन्धित स्थितियों के अनुरूप मौलिक टिप्पणियां और मसौदे तैयार कर सकें।

प्रयत्न यही होना चाहिए कि प्रशिक्षण प्राप्त करने वाले व्यक्ति सीधी और सरल भाषा का प्रयोग करें और जो भी प्रचलित शब्द है उनको अपनाने में वे संकोच न करें। अंग्रेजी के शब्दों को भी काम में ले लेना बुरी बात नही। काम करते हुए शब्दकोशों का सहारा जितना कम लिया जाए उतना ही अच्छा है।

अब प्रस्तुत है अभ्यास सामग्री। ऐसी कुछ और सामग्री इसी पुस्तक के अन्य भागों से भी ली जा सकती है।

साधारण टिप्पणियां

क्या आपने भी अपनी फाइलों पर नोट हिन्दी में लिखना तय किया है ? आपके निश्चय का स्वागत। जैसे आप स्वाभाविक रूप में हिन्दी बोलते है उसी रूप में फाइल पर भी लिखने लगिए। आरम्भ यदि छोटी टिप्पणियों से करना चाहते हैं तो ये लीजिए कुछ उदाहरण। जरूरी नहीं कि आप यहां सुझाए गए शब्दों को ही काम में लाएं। एक ही अर्थ के लिए कई शब्द काम में लाए जा सकते है। जो आपको आसान लगे या जिनसे आप परिचित है, उन्हें ही इस्तेमाल करें :—

1. देख लिया, धन्यवाद।
2. सूचना (जानकारी) के लिए प्रस्तुत है।
3. उत्तर का मसौदा (या प्रारूप) (या ड्राफ्ट) अनुमोदन के लिए प्रस्तुत है।
4. इस बारे में हमने अधीनस्थ कार्यालयों से जो सूचना मांगी थी, वह अब तक उनमें से केवल पांच ने भेजी है। कार्यालयों से अपेक्षित सूचना 31 अगस्त तक भेजने को कहा जाए।
5. आगे कोई कार्रवाई अपेक्षित नहीं है।
6. इसे मूल रूप में ही इस टिप्पणी के साथ वापस लौटाया जाता है कि अपेक्षित सूचना इस कार्यालय के दिनांक (या तारीख)············के पत्र सं॰······द्वारा पहले ही भेजी जा चुकी है।
7. क्या......कृपया नीचे लिखे कागज-पत्र इस मंत्रालय में उपयोग के लिए वाहक के हाथ (per bearer) भेजने की व्यवस्था करेंगे ?
8. यह बात सन्देहरहित नही है।········ मंत्रालय से हम इसे स्पष्ट करने के लिए कहे।
9. बार-बार याद दिलाने पर भी मिसिल······विभाग से अभी तक वापस नही आई है। उप सचिव शायद इस बारे में मुख्य नियंत्रक से फोन पर बातचीत करना चाहेंगे।
10. प्रस्ताव अपने आप में स्पष्ट है। इसे मान लिया जाए।
11. कृपया बात करें।
12. तुरन्त अनुस्मारक (रिमाइंडर) भेजिए।
13. हम इस मामले में मुख्य इंजीनियर द्वारा की गई सिफारिशों को मान लें।
14. इस व्यय के लिए चालू वित्तीय वर्ष के बजट में व्यवस्था है।
15. विचाराधीन कागज में स्पष्ट की गई परिस्थिति को ध्यान में रखते हुए हम हवाई यात्रा की अनुमति दे दें।

16. अभिवेदन (representation) उचित माध्यम से नहीं मिला है। हमें इस पर कोई कार्रवाई करने की आवश्यकता नहीं।

कार्यशाला में अभ्यास

निम्नलिखित स्थितियों के अनुसार टिप्पणियां (नोट्स) लिखिए :—

1. पिछले मास का किसी विषय का विवरण (स्टेटमेंट) दूसरे अनुभाग को भेजना है।
2. आपके कुछ कार्यालयों ने सूचना भेज दी, कुछ ने नहीं। उन्हें याद दिलानी है (या कुछ दिन और प्रतीक्षा करनी है)।
3. विषय आपका नहीं, कागज दूसरे अनुभाग को भेजने है।
4. किसी मामले में दूसरे मंत्रालय/विभाग/कार्यालय को लिखा था, उत्तर नहीं आया, वर्तमान स्थिति मालूम करनी है।
5. एक और प्रश्न पर विचार हो रहा है। जब तक उस पर कुछ निश्चय न हो जाए तब तक इस फाइल पर कार्रवाई रोक रखनी है।
6. किसी पत्र पर अन्य कार्यालय या अधिकारी से उनके विचार मंगाने हैं।

आवेदन लिखना

आवेदन लिखने की आवश्यकता हम सभी को पड जाती है। क्यों न हम अपने आवेदन हिन्दी में लिखें। आवेदन की बात को हम जबानी आम तौर पर हिन्दी में बता जाते है, उसमें कोई कठिनाई अनुभव नही करते। लिखना भी उतना ही आसान है जैसे :—

1. सेवा में

श्रीमान ....

..............मंत्रालय/विभाग/कार्यालय,

.... (नगर)।

महोदय,

निवेदन है कि..

....

भवदीय

नाम

तारीख............ ...   पदनाम

2. निवेदन है कि मैं अस्वस्थ (बीमार) होने के कारण आज दफ्तर आने में असमर्थ हूं (नहीं आ सकूंगा)। कृपया आज की आकस्मिक छुट्टी (*Casual Leave*)

देकर अनुगृहीत करें।

3. गांव में मेरा मकान वर्षा से गिर गया है। उसे फिर से बनवाने के लिए मैं गांव जाना चाहता हूं। निवेदन है कि मुझे दिनांक..................से.............तक ......महीने की अर्जित छुट्टी दी जाए।
4. निचले पद से तरक्की पाकर सहायक (असिस्टेन्ट) पद पर मेरी नियुक्ति दिनांक ....को हुई थी। परन्तु इस पद पर मेरा वेतन अभी तक नियत (fix) नहीं हुआ है। निवेदन है कि वेतन नियत करने में शीघ्रता की जाए।
5. मुझे........ के निरीक्षण के लिए दौरे पर कलकत्ता जाने का आदेश हुआ है। मार्ग-व्यय आदि के लिए कृपया.........रुपये का अग्रिमधन (पेशगी, एडवांस) देने की व्यवस्था करें।
6. पिछले महीने मुझसे सरकारी मकान का जो किराया लिया गया है वह राशि मेरे वेतन के 10 प्रतिशत से अधिक है। निवेदन है कि जो किराया अधिक काटा गया है, उसे मुझे शीघ्र लौटाया जाए।

कार्यशाला में अभ्यास :

निम्नलिखित अवसरों के लिए आवेदन हिन्दी में लिखिए :—

1. आप अपनी बदली किसी अन्य कार्यालय में या अन्य नगर को करवाना चाहते हैं।
2. आपकी वरिष्ठता (सीनियोरिटी) ठीक तरह नहीं दिखाई गई है।
3. आपको निवास की कठिनाई है और आप सरकारी मकान अलाट कराना चाहते हैं।
4. सामान्य भविष्य निधि (जनरल प्रोविडेंट फंड) मे रुपया निकलवाना है।
5. कुछ दिन किसी रोगी को देखने अस्पताल जाना होगा, जिससे कार्यालय आने में देरी हो जाएगी।
6. शाम के कालेज में शिक्षा प्राप्त करने का विचार है।

साइकिल, फर्नीचर, टेलीफोन, लेखन-सामग्री, आदि

सभी कार्यालयों को फर्नीचर, टेलीफोन, घड़ी, लेखन-सामग्री आदि की आवश्यकता पड़ती है। उनकी खरीद, वितरण, मरम्मत, रखरखाव आदि के सम्बन्ध में हिन्दी में लिखा-पढ़ी के कुछ नमूने देखें :—

1. .. अनुभाग द्वारा मांगा गया फर्नीचर इन दिनों फर्नीचर भंडार में नहीं है। कुछ विख्यात फर्मों से उनके भाव मंगा कर तथा उन पर विचार कर यह फर्नीचर खरीद लेना चाहिए।
2. मुझे आपसे यह अनुरोध करने का निदेश हुआ है कि इस मंत्रालय को फर्नीचर की नीचे लिखी हुई वस्तुओं की पूर्ति के लिए न्यूनतम भाव मोहरबंद लिफाफे में 6 अप्रैल, 1973 तक भेजें :—

   1.
   2.

भाव में बिक्रीकर और गाडीभाड़ा भी शामिल होना चाहिए। आर्डर मिलने की तारीख से 15 दिनों के अन्दर ही फर्नीचर की पूर्ति करनी होगी और उसे इस मन्त्रालय के भंडार पर नार्थ ब्लाक केन्द्रीय सचिवालय पहुंचाना होगा।

3. लेखन सामग्री के मासिक इंडेन्ट (मांग-पत्र) इस अनुभाग में हर महीने की 5 तारीख को या उससे पहले पहुंच जाने चाहिए। इससे माग पत्रों को जांचने और लेखन सामग्री को उचित समय पर देने में सुविधा होगी।

4. इस समय हमारे पास स्टाक में एक साइकिल है। इसे रोकड़ अनुभाग को जहां साइकिल की बहुत ज्यादा आवश्यकता रहती है, दे दिया जाए। उस अनुभाग मे जो साइकिल है वह वापस ले ली जाए क्योंकि उसमे बहुत मरम्मत की आवश्यकता है।

5. संसद अनुभाग ने रिपोर्ट भेजी है कि उस अनुभाग के दोनों टाइपराइटर काम नहीं कर रहे हैं। उन्होंने टाइपराइटरों की मरम्मत की शीघ्र व्यवस्था करने का अनुरोध किया है।
सर्वश्री.. से मरम्मत का अनुमान भेजने के लिए कहा जाए।

6. इस कार्यालय की 6 कुर्सियों में बेंत की या प्लास्टिक की बुनावट फिर से होनी है। यह काम शीघ्र करवा दिया जाए।

कार्यशाला में अभ्यास :

निम्नलिखित स्थितियों के अनुसार टिप्पणियां लिखिए अथवा मसौदा हिन्दी में बनाइए :—

1. लेखन सामग्री (स्टेशनरी) का वार्षिक इडेंट (मागपत्र) काफी पहले भेजा गया था लेकिन कलकत्ता मे लेखन सामग्री अभी तक नही आई है। तब तक कुछ सामग्री स्थानीय बाजार से खरीदनी है। खरीदने के लिए अनुमति प्राप्त करने तथा भाव मंगाने तथा लेखन सामग्री कार्यालय को याद दिलाने के लिए तार भेजना।

2. काठ की अलमारियों के बदले लोहे की अलमारियों की जरूरत है ताकि महत्वपूर्ण कागज अधिक सुरक्षित रहें। सरकार की भी यही नीति है कि भविष्य में इ का फर्नीचर खरीदा जाए। बजट में काफी राशि नही है। कुछ अलमारी अब और कुछ अगले वित्तीय वर्ष में खरीदने का प्रस्ताव या बजट की राशि बढ़वाने के लिए कार्रवाई।

3. एक अधीक्षक इंजीनियर का पद गत अप्रैल में मंजूर हुआ जिस पर श्री .. ने दिनांक......को उस पद का कार्यभार सम्भाल लिया। वे अपना काय [illegible]

रूप से कर सकें इसलिए यह आवश्यक समझा गया है कि उनके लिए कार्यालय में एक अलग टेलीफोन की व्यवस्था हो और कार्यालय के समय के बाद भी वह विचार विमर्श के लिए उपलब्ध हो सकें, एक टेलीफोन उनके घर पर भी लगाया जाना आवश्यक है, जिसके लिए विभागाध्यक्ष की स्वीकृति प्राप्त करना।

पदों का सृजन, भर्ती, आरक्षण आदि

टिप्पणियों आदि के उदाहरण :

1. इस पंचवर्षीय योजना में जो नए काम हाथ में लिए गए हैं, उनके सम्बन्ध में काफी काम बढ़ गया है। इस कार्य को वर्तमान स्टाफ सभालने में असमर्थ है। इस बात का अनुमान योजना बनाते समय लगा लिया गया था और इस वर्ष के बजट में..............रुपये की अतिरिक्त व्यवस्था कर ली गई थी। अब निम्न लिखित पदों के सृजन (creation) के लिए.........मंत्रालय की स्वीकृति प्राप्त की जाए :—

(यहां पदों का विवरण है)

2. ....महानिदेशालय ने सहायक निदेशक के एक और पद के सृजन का जो प्रस्ताव भेजा है उसमें काफी औचित्य (justification) नहीं है। उसे मानने में सखेद अपनी असमर्थता (inability) प्रकट कर दी जाए।

3. मुझे आपके विभाग में निम्नलिखित पदों को..........से..........तक जारी रखने (continuation) के लिए राष्ट्रपति की मंजूरी सूचित करने का निदेश हुआ है।

4. यह वित्त मंत्रालय (व्यय विभाग) की सहमति से जारी किया जा रहा है। उनकी तारीख.........की अनौपचारिक टिप्पणी सं०..........देखें।

5. हमारे कार्यालय में इस समय अनुसंधान सहायकों के चार पद खाली पड़े हैं। इनमें से एक पद 7 महीने से खाली है और वह वित्त मंत्रालय के आदेशों के अनुसार नहीं भरा जा सकता। शेष तीन पदों को भरने के लिए रोजगार कार्यालय से नाम मंगा लें।

6. इन पदों के भर्ती नियमों के अनुसार 75 प्रतिशत खाली पद सीधी भर्ती से भरे जाने हैं और 25 प्रतिशत पदों को विभागीय पदोन्नति (Departmental promotion) द्वारा भरना होगा। पदोन्नति के लिए निचले ग्रेड के कर्मचारियों की वरीयता सूची (Seniority list) तैयार है। विभागीय पदोन्नति समिति (D.P.C.) की बैठक बुलाने के लिए दूसरी फाइल पर कार्रवाई की जा रही है। सीधी भर्ती के लिए रोजगार कार्यालय से नाम मंगा लिए जाएं।

कार्यशाला में अभ्यास :

निम्नलिखित स्थितियों के अनुसार टिप्पणियां हिन्दी में लिखी जाएं अथवा मसौदे हिन्दी में तैयार किए जाए :

1. सभी क्षेत्रों में सरकारी काम बढ़ जाने के कारण कार्यालयों में सरकारी छपाई का काम बढ गया है। उसके लिए कई और सरकारी प्रेस लगाने का निश्चय किया गया है। उनसे सम्बन्धित प्रशासनिक काम को देखने भालने के लिए ऊपर के कार्यालयों मे भी कुछ और पद बनाने होंगे। विभिन्न स्तरों के पद बनाने के सम्बन्ध में प्रस्ताव तैयार करना।

2. अधीनस्थ कार्यालय से कुछ नए पद बनाने और कुछ पहले पदों की संख्या बढ़ाने का प्रस्ताव प्राप्त हुआ है। यहा काम इतना अधिक बढ़ा नहीं मालूम होता कि इतने पद बनाए जाएं। देश मे आर्थिक संकट भी है और नए पद बनाने पर रोक लगी है। अधीनस्थ कार्यालय को कहना कि वर्तमान पदों से ही बढ़ा हुआ काम भी संभालें।

3. अनुसूचित जातियों तथा अनुसूचित आदिम जातियों के लिए तीसरी श्रेणी के 10 तथा 3 पद आरक्षित (रिजर्व) थे। इनमें से केवल एक-एक की ही भर्ती की जा सकती है। बाकी के लिए उपयुक्त उम्मीदवार नहीं मिल पाए। इन बाकी पदों के लिए अनुसूचित जातियों एवं अनुसूचित आदिम जातियों के संगठनों को परिपत्र लिखना और समाचार पत्रों में विज्ञापन देना। विज्ञापन में यह स्पष्ट करना कि इन जातियों के उम्मीदवारों को आयु सीमा में 5 वर्ष की छूट मिलेगी और साक्षात्कार (इंटरव्यू) के लिए बुलाए जाने पर यात्रा-भत्ता मिलेगा।

4. ....के पद आठ महीने से खाली पड़े है। संघ लोक सेवा आयोग अभी तक इसके लिए उम्मीदवारों का चयन नहीं कर सका है। काम का हर्ज हो रहा है। इन्हें तुरन्त भरना अत्यन्त आवश्यक है। उनमें इस समय तदर्थ (ad hoc) नियुक्ति करने के सिवा और कोई उपाय नहीं। इसके लिए रोजगार कार्यालय से नाम मगाने और अपने ही कार्यालय से उन व्यक्तियों के, जो निर्धारित योग्यता प्राप्त हों, नाम मंगाने के लिए परिपत्र भेजने का प्रस्ताव।

नियुक्ति, तैनाती, पदोन्नति, स्थायिवत्ता आदि

टिप्पणियों के उदाहरण :

1. अनुसंधान सहायकों (Research Assistants) के दो पद अभी मंजूर हुए हैं और दो पहले से खाली है। इन पदों को जल्दी ही भरने की आवश्यकता है, क्योंकि काम बढ रहा है। विभिन्न मंत्रालयों से ऐसे प्रवर श्रेणी लिपिकों (यू०डी०सी०) के नाम मंगा लिए जाएं जो अनुसंधान सहायक के पद पर यहां आना चाहते हों। परिपत्र (सर्कुलर) का मसौदा प्रस्तुत है।

2. ··· ···पदों के लिए उम्मीदवारों के नाम रोजगार कार्यालय ने सुझाए थे उन्हें बुला कर उनकी टाइपराटिंग की परीक्षा ली गई और उनका साक्षात्कार (इन्टरव्यू) भी किया गया। निम्नलिखित व्यक्ति उपयुक्त पाए गए हैं। उनकी नियुक्ति कर दी जाए।

3. ·········पद के लिए चुने गए 4 व्यक्तियों को नियुक्ति पत्र भेजे गए थे। वे शायद इस सप्ताह आ जाएंगे। उनकी तैनाती निम्नलिखित अनुभागों में कर दी जाए।

4. श्री········ ने घरेलू परिस्थितियों के कारण नौकरी से त्यागपत्र दे दिया है और वह 20 दिन बाद कार्यमुक्त होना चाहते हैं। उनका त्यागपत्र स्वीकार कर लिया जाए, किन्तु उन्हें अब से एक महीने बाद कार्यमुक्त किया जाए।

कार्यशाला में अभ्यास :

निम्नलिखित स्थितियों के लिए टिप्पणी लिखिए या प्रारूप तैयार कीजिए।

1. कार्यालय में नए काम के लिए कुछ नए पद बने है। उन्हें संघ लोक सेवा आयोग (यू०पी०एस०सी०) या रोजगार कार्यालय (एम्पलायमेंट एक्सचेन्ज) के द्वारा भरना है। इस बीच, काम की शीघ्रता को देखते हुए, कुछ व्यक्तियों की तदर्थ (ऐडहाक) नियुक्ति का विचार।

2. ऊपर के ग्रेड में कुछ पद खाली हुए है। उनमें से कुछ पदोन्नति द्वारा भरे जाने हैं, कुछ सीधी भर्ती द्वारा। सीधी भर्ती के लिए रोजगार कार्यालय को लिखना और पदोन्नति के लिए विभागीय पदोन्नति समिति (डी०पी०सी०) की बैठक बुलाने का प्रबन्ध करना। पदोन्नति के मामले पर विचार करने के लिए चरित्र पंजियां भी मंगाना।

3. श्री··· ···को दूसरे विभाग न किसी अन्य पद के लिए चुन लिया है और जल्दी ही उनकी सेवाएं प्राप्त करना चाहता है। आप उन्हें जल्दी ही छोड़ने की स्थिति में नही है (या उन्हें तुरन्त छोड़ सकते है) उनका स्थान भरने की आवश्यकता पड़ेगी (तुरन्त नहीं पड़ेगी), उन्हे प्रतिनियुक्ति (डेप्यूटेशन) पर दो वर्ष के लिए जाने दिया जाए। नए पद पर उन्हे वेतन वित्त मंत्रालय के आदेशों के अनुसार मिलेगा।

4. सीधी भर्ती की विधि से चुने गए उम्मीदवार की नियुक्ति का प्रस्ताव भेजते हुए उसे बताना कि अमुक पद अमुक वेतनमान में मिलेगा नियुक्ति अस्थायी होगी, इसके लिए यात्रा भत्ता नहीं मिलेगा, डाक्टरी परीक्षा होने के बाद कार्यभार सौंपा जाएगा तथा एक हजार रुपए की जमानत देनी होगी।

5. दस व्यक्ति ···· ··के पद पर तीन वर्ष से कुछ अधिक समय तक काम कर-

चुके हैं। उन्हें स्थायिवत् (quasi-permanent) घोषित करने के विषय में विचार करना है। उनकी चरित्र पंजियां (character roll) मगाना, यह देखना कि डाक्टरी परीक्षा और चरित्र-वृत्त की पड़ताल हो चुकी तथा आठ को स्थायिवत् कर दिए जाने की सिफारिश और दो के मामलों पर पुनर्विचार करने का प्रस्ताव।

डाक्टरी परीक्षा, चरित्र तथा पूर्ववृत्त सत्यापन और सेवा पंजी सम्बन्धी मामले

टिप्पणियों आदि के उदाहरण :

1. श्री············, तकनीकी सहायक पद के उम्मीदवार है। उन्होंने आवश्यक साक्ष्यांकन फार्म (अटेस्टेशन फार्म) भर दिया है। वे सरकारी सेवा के उपयुक्त है अथवा नहीं, यह जानने के लिए उनके फार्म को उपायुक्त (डिप्टी कमिश्नर), हिसार को भेजा जाय। पत्र का मसौदा अनुमोदन के लिए प्रस्तुत है।

2. श्री············, प्रवर श्रेणी लिपिक पद के लिए चुन लिए गए हैं। उनके चरित्र तथा पूर्ववृत्त (Character and Antecedents) के सम्बन्ध में जिला मजिस्ट्रेट······ ·········से सत्यापन रिपोर्ट प्राप्त हो गई है। वे सरकारी सेवा के लिए उपयुक्त घोषित किए गए है। नियुक्ति आदेश जारी करने से पहले उनकी डाक्टरी परीक्षा आवश्यक है। उन्हे सिविल स्टाफ सर्जन, · · ···अस्पताल के पास डाक्टरी परीक्षा के लिए भेजा जाय। पत्र का मसौदा प्रस्तुत है।

3. वित्त मंत्रालय से तीन व्यक्तियों को इस कार्यालय में स्थानांतरित किया गया है। उनके पहले कार्यालय से अभी तक उनकी सेवापंजी तथा अन्य सेवा दस्तावेज प्राप्त नहीं हुए हैं। वित्त मंत्रालय को उक्त दस्तावेज शीघ्र भेजने के लिए लिखा जा सकता है।

कार्यशाला में अभ्यास :

निम्नलिखित स्थितियों के आधार पर आवश्यक टिप्पणी अथवा मसौदा तैयार कीजिए :

में थे। अतः उनकी डाक्टरी परीक्षा तथा चरित्र एवं पूर्ववृत्त सत्यापन की आवश्यकता नहीं।

2. श्री·········तकनीकी सहायक की चरित्र तथा पूर्ववृत्त सत्यापन रिपोर्ट अभी नहीं आई है। पद का भरा जाना आवश्यक है, रिपोर्ट शीघ्र मंगाने के लिए अनुस्मारक का मसौदा तैयार करना।

3. पद जल्दी भरना है, चुने गए उम्मीदवार के पूर्ववृत्त का सत्यापन कराने में बहुत देर लगेगी, पद खाली रहने से काम की बहुत हानि हो रही है, विभाग के अध्यक्ष की अनुमति लेकर तथा दो राजपत्रित अधिकारियों द्वारा दिया गया सच्चरित्रता प्रमाण-पत्र प्राप्त करके, नियुक्ति कर देने का प्रस्ताव रखना।

तार

तार उस समय भेजा जाता है जब मामला अति आवश्यक होता है। तार की भाषा बहुत स्पष्ट और संक्षिप्त रखनी होती है। हिन्दी तारों में दस अक्षरों वाले शब्द को एक शब्द माना जाता है। एक साथ मिलाकर लिखे गए क्रियापदों को तथा समासयुक्त शब्दों को भी एक ही शब्द माना जाता है जैसे, :—

भेजाजारहाहै, पहुचादियाजाएगा, उत्तराभिलाषी, सन्तोषजनक

विभक्तिया भी साथ मिलाकर ही लिखनी चाहिए, जैसे :—

कार्यालयमें, सदस्योंको, मंत्रालयने

तार का नमूना

तार	सरकारी	तुरन्त

कखग

लखनऊ

केन्द्रीय हिन्दी समितिकी बैठक अठारह फरवरी प्रात: दस बजे नार्थब्लाक प्रथमतल नईदिल्ली सम्मेलनकक्षमे होरहीहै ( ) पत्र भेजाजारहाहै।

गृह

....

(तार के लिए नहीं)

क०ख०ग०

अवर सचिव, भारत सरकार

....

सं·······················
गृह मंत्रालय
भारत सरकार
नई दिल्ली, दिनांक········

प्रतिलिपि पुष्टि के लिए डाक द्वारा निम्नलिखित को प्रेषित ;

क०ख०ग०
अवर सचिव, भारत सरकार

कार्यशाला मे अभ्यास

निम्नलिखित सूचना देने के लिए तारो का प्रारूप तैयार कीजिए :—

(क) बैठक स्थगित हो जाने की सूचना।
(ख) बैठक की सामग्री इ डियन एयर लाइन के कार्यालय से प्राप्त करने की सूचना।
(ग) किसी कर्मचारी की बदली हुए दो महीने हो गए। नए कार्यालय मे अन्तिम वेतन प्रमाणपत्र (L.P.C.) नही पहुचा। जल्दी भिजवाने का अनुरोध।

छुट्टी

छुट्टियां सभी कार्यालयों में ली जाती है और सभी वर्ग के अधिकारियों और कर्मचारियो को छुट्टी की आवश्यकता पडती है। इस विषय पर लिखी जाने वाली टिप्पणियों और विज्ञापनों आदि के कुछ उदाहरण देखिए :—

1. श्री··········· ने तारीख ······· से दो महीने की अर्जित छुट्टी मकान बनवाने के लिए मागी है। उस समय उनके अनुभाग में और कोई व्यक्ति छुट्टी पर न होगा। इतनी छुट्टी उनके हिसाब में है। इसकी मजूरी दे दी जाए।

2. इस मत्रालय के स्थायी/स्थानापन्न/अस्थायी ··········—श्री··········· ··· ·········को ता०···—···से··· ··—दिनों की छुट्टी दी जाती है। उन्हे······ · ····को छुट्टी से पहले और·········को छुट्टी के बाद जोड़ने की अनुमति भी दी जाती है।

3. तारीख·········के आवेदन के उत्तर में श्री·········को सूचना दी जाती है कि उन्हे तारीख·········से·········तक········ दिन के लिए अर्जित छुट्टी बढाने की मंजूरी दे दी गई है।

4. श्री ······ को दिनांक·········की उनकी अर्जी के सम्बन्ध में सूचित किया जाता है कि उन्होंने छुट्टी बढ़ाने की जो प्रार्थना की है वह मंजूर नहीं की जा सकती। अतः उन्हें निदेश दिया जाता है कि वे दफ्तर में तुरन्त काम पर आ जाएं। ऐसा न करने पर उनके विरुद्ध यथोचित कार्रवाई की जाएगी।

5. श्री···········को तारीख ········से·········तक········ ···दिन की अर्जित छुट्टी मंजूर की जाती है। इसके साथ ही उनकी······ दिन की आधे वेतन की छुट्टी भी तारीख ······ से······ तक (दोनों दिन सम्मिलत) दी जाती है

प्रमाणित किया जाता है कि यदि श्री ············ तारीख ·······से ·········तक छुट्टी पर न जाते तो वे ····· के पद पर स्थानापन्न रूप से काम करते रहते।

कार्यशाला में अभ्यास :

1. एक कर्मचारी छुट्टी लेकर गांव गया। वहां से बीमारी के कारण तीन बार छुट्टियां बढाई हैं। अपने गांव के रजिस्टर्ड वैद्य के प्रमाण-पत्र भेजे है। सुझाव देना है कि कर्मचारी की डाक्टरी जांच सिविल सर्जन द्वारा कराई जाए।

2. श्री··· ····· · ·· छुट्टी से वापस लौटे हैं। उनकी तैनाती······· अनुभाग में करने का प्रस्ताव रखना तथा आदेश जारी करना।

3. श्री · ··· कई महीने से अनुपस्थित है। पहले कुछ महीने की छुट्टी के लिए आवेदन प्राप्त हुए, अब तीन महीने से कोई सूचना भी नहीं। यह अनुपस्थिति (गैर हाजिरी) आपत्तिजनक है। इसके लिए श्री····· से स्पष्टीकरण मांगना।

4. श्री ····· ने विदेश के एक विश्वविद्यालय में भर्ती होकर अध्ययन करने के लिए 2 वर्ष की अध्ययन छुट्टी (Study Leave) मांगी है। वह अध्ययन विभाग के लिए उपयोगी होगा (उपयोगी नहीं होगा) अनुमति देने की सिफारिश करना (न देने का प्रस्ताव रखना) और उसके आधार पर आवेदक को सूचित करना।

5 श्री ······· तारीख··········· से अर्जित छुट्टी पर चले गए थे। उनकी जगह पर काम करने वाला भी बाहर से आकर काम कर रहा है। छुट्टी 60

दिनों के लिए थी किन्तु 19 दिनों के अन्दर ही आज वे ड्यूटी पर वापस आ गए हैं। उन्हें काम सभालने की आज्ञा देनी है। शेष छुट्टी का आर्डर बदलना है और नए आए व्यक्ति को वापस भेजना है।

अनुशासनिक मामले

मसौदों के उदाहरण :

1. निरीक्षण के लिए सहायक निदेशक दिनाक.........को......... बजे कृषि फार्म पर गए तो पूरे क्षेत्र मे खोज करने पर भी वहा श्री............नही मिले। श्री........ ... स्पष्ट करे (या बताए) कि वह किन परिस्थितियों मे काम मे अनुपस्थित थे और बताए कि उनके विरुद्ध अनुशासनात्मक कार्रवाई क्यों न की जाए।

2. शिकायत मिली है कि चपरासी श्री..................को निदेश दिया गया था कि...............परन्तु उन्होंने कर्त्तव्य पालन मे टालमटोल की और दिया गया काम शाम तक भी पूरा नहीं किया।
श्री..........—अपने इस आचरण के बारे में स्पष्टीकरण दें। यदि इस ज्ञापन (मेमोरडम) के जारी होने के सात दिन के अन्दर श्री........... ने उत्तर न दिया तो यह समझ लिया जाएगा कि उन्हे बचाव में कुछ नही कहना है और उनके खिलाफ इकतरफा (Ex-Parte) कार्रवाई की जाएगी।

3. इस कार्यालय के दिनाक................के ज्ञापन के उत्तर में दिनाक—........ को श्री......... ....ने जो स्पष्टीकरण दिया उसके सम्बन्ध मे उन्हे सूचित किया जाता है कि उनका स्पष्टीकरण सन्तोषप्रद नहीं पाया गया। मजूर हुई छुट्टी की अवधि समाप्त होने के बाद गैरहाजिर रहना बहुत आपत्तिजनक है तथा दफ्तर के अनुशासन के भी खिलाफ है। परन्तु उनकी गैरहाजिरी की अवधि कम थी, इस बात को देखते हुए यह निश्चय किया है कि इस बार उन्हें माफ कर दिया जाए। फिर भी उन्हे चेतावनी दी जाती है कि वे भविष्य में इस प्रकार का गैर-जिम्मेदारी का आचरण न करें।

कार्यशाला में अभ्यास :

निम्नलिखित अवसरों के लिए टिप्पणी अथवा प्रारूप तैयार करें :

1. आपके कार्यालय के एक कर्मचारी को दौरे पर जाने को कहा गया। उसने बिना किसी विशेष कारण के जाने से इंकार कर दिया। उस मामले की रिपोर्ट प्रशासनिक अधिकारी को की गई। कर्मचारी से स्पष्टीकरण मांगें कि उसके विरुद्ध अनुशासनिक कार्रवाई क्यों न की जाए।

2. कार्यालय में जिस व्यक्ति के पास रोकड़ (कैश) का काम रहता था उसके पास, पड़ताल होने पर, नकद राशि कम पाई गई। उसका स्पष्टीकरण सन्तोषजनक नहीं है। मामले की सूचना ऊपर के अधिकारियों को देनी है तथा अन्य कार्रवाई करनी है।

3. कुछ चपरासी पूरी वर्दी नहीं पहनते अथवा साफ सुथरी नहीं पहनते। उन्हें चेतावनी देना।

4. एक शिकायत मिली है कि श्री········ ·· ···ने दौरे पर जाते समय रेल की यात्रा तीसरे दर्जे में की, किन्तु यात्रा-भत्ते के लिए पहले दर्जे के किराए का दावा किया। उससे स्पष्टीकरण मांगना तथा अन्य कारंवाई करना।

बिलों का भुगतान तथा लेखा आपत्तियां

बिलों के भुगतान के सम्बन्ध में टिप्पणियां अक्सर बहुत छोटी और मामूली होती हैं। जैसे,—

1. बिल का सत्यापन (verification) कर लिया गया है। यह ठीक है। भुगतान के लिए पास किया जाए।

2. इस बिल पर लेखा शीर्ष (Head of account) नहीं लिखा गया है।

3. पुराने अभिलेखों (रिकार्ड) से पड़ताल करली गई है कि बिल नम्बर··· दिनांक·········का अभी तक भुगतान नहीं किया गया है।

4. यह प्रमाणित किया जाता है कि बिल की रकम सही व्यक्तियों को चुका दी गई है।

5. ये बिल सख्या ········सर्वश्री·········· से आए हैं और ·········से········· तक स्टाफ कार सख्या के लिए दिए गए पेट्रोल, तेल आदि के बारे में हैं। बिलों की पड़ताल कर ली गई है, वे ठीक हैं।

कार्यशाला में अभ्यास :

निम्नलिखित स्थितियों के अनुसार टिप्पणी लिखिए :—

1. भत्ते के बिलों के साथ आवश्यक प्रमाणपत्र नहीं लगे है।
   जो सामान खरीदा गया है वह स्टाक रजिस्टर में दर्ज हुआ नहीं प्रतीत होता।
3. व्यय के लिए समर्थ (कम्पीटेंट) अधिकारी की मंजूरी है, इसका सकेत नहीं है।
4. चालू वित्तीय वर्ष का बजट समाप्त होने लगा है। बचत आवश्यक।
5. उपनिदेशक ने इस महीने दौरे पर जाने पर यात्रा भत्ता पेशगी ली। पिछले दौरे के लिए एक पेशगी तीन महीने पहले ली थी जिसके सम्बन्ध मे अभी तक न तो यात्रा भत्ता बिल प्रस्तुत किया गया न राशि वापस की गई। दूसरी पेशगी नियमों के विपरीत है। इस पर आपत्ति करते हुए एक पेशगी की राशि लौटाने की मांग करना।

पेशगियां

टिप्पणियां आदि के उदाहरण :

1. श्री..............., सहायक ने 500 रु० की सामान्य भविष्य निधि पेशगी (अग्रिम) के लिए आवेदन किया है। उनके सामान्य भविष्य निधि (G. F. Fund) खाते मे इस समय 2000 रुपए जमा है। यह पेशगी (Advance) उन्होंने अपने मकान की मरम्मत कराने के लिए मागी है। नियमानुसार उन्हे मागी गई पेशगी की राशि स्वीकृत की जा सकती है। तदनुसार ज्ञापन का मसौदा प्रस्तुत है।

2. श्री..... ......, अवर सचिव न कार पेशगी क लिए 16000 रु० की मांग की है। उन्हें कार का आबंटन (अलाटमेंट) सरकारी कोटे से किया गया है। उनके मासिक वेतन (मूल वेतन मंहगाई वेतन) के आधार पर उन्हें 15000 रु० तक की राशि मंजूर की जा सकती है। चालू वित्त वर्ष के बजट मे उक्त राशि का प्रावधान (Provision) है। अत: श्री...... · ...को 15000 रु० की राशि स्वीकृत (मंजूर) की जा सकती है।

3. श्री..............., तकनीकी सहायक ने एक पुराना स्कूटर खरीदने

2500 रु० की मांग की है/स्कूटर खरीदना चाहते हैं। उन्होंने अभी तक नहीं बताया है कि वे कौन सा स्कूटर खरीदना चाहते है और किस व्यक्ति से। यह बिवरण प्राप्त होने पर उनकी स्कूटर पेशगी के बारे मे विचार किया जाए।

कार्यशाला में अभ्यास :

1. श्री............, सहायक, ने पिताजी की बिमारी के इलाज क लिए सामान्य भविष्य निधि से 1000 रु० का अग्रिम मांगा है। उनके खाते में 3000 रु० जमा है। अग्रिम स्वीकृत किए जाने के सम्बन्ध में कार्रवाई करना।

2. आपके कार्यालय के एक अवर श्रेणी लिपिक ने साइकिल पेशगी के लिए मांग की है। पिछले वर्ष भी उन्हें ऐसी पेशगी दी गई थी। अब इसी प्रयोजन के लिए दूसरी पेशगी देना सम्भव नहीं।

3. सहायक निदेशक तीन सप्ताह के दौरे पर जा रहे है। उन्होंने यात्राभत्ता पेशगी की मांग की है। 80 प्रतिशत पशगी की राशि स्वीकृत किए जाने के लिए कार्रवाई करना।

4. ....प्रदेश के बाढ पीडितों के लिए सरकार ने विशेष रूप से पेशगी देना स्वीकार किया है। आपके कार्यालय के चार व्यक्तियों ने बताया कि उनकी उस प्रदेश में अचर सम्पत्ति है जिसे बाढ से बहुत नुकसान हुआ है। उनकी पेशगी के लिए प्रार्थना स्वीकार की जा सकती है। बजट में पर्याप्त राशि मौजूद है।

यात्रा सम्बन्धी

टिप्पणियों और मसौदों के कुछ उदाहरण :

1 श्री ....उप निदेशक को.........कार्यालय के निरीक्षण के लिए मद्रास जाना है। वह वहां तीन दिन रुकेंगे। इसकी सूचना उस कार्यालय को दे दी जाए।

2. श्री ......का तबादला रक्षा-लेखा नियंत्रक (कंट्रोलर आफ डिफेंस एकाउन्ट्स) मेरठ से इस कार्यालय को हुआ था। उन्होने मेरठ में अपना कार्यभार दिनांक... ......को छोड़ा था और इस कार्यालय में दिनांक.........को संभाला है। कार्यग्रहण अवधि (ज्वाइनिंग टाइम) के रूप में उन्हें.........दिन मिल सकते

हैं। उनका यात्रा-भत्ता बिल नीचे रखा है। उनकी जांच कर ली गई है और वह ठीक है।

3. ब्रह्मपुत्र नदी में पिछले सप्ताह जो बाढ़ आई है उससे······ ······कार्यालय की इमारत को और उसके मूल्यवान यंत्रों को काफी नुकसान पहुंचा है। उसको देखने के लिए उप निदेशक का वहां जाना तुरन्त आवश्यक है। रास्ते की रेल लाइन टूटी हुई है इसलिए उन्हे हवाई जहाज से आना होगा। इसके लिए कृपया विशेष रूप से (as a special case) अनुमति दे दी जाए।

4. पूरक नियम 48-ख के अधीन·········मंत्रालय के श्री········· (पदनाम) को क्रमश:············से············तक और वापसी पर········ और········· (तारीख) को की गई हवाई यात्रा के लिए राष्ट्रपति की मंजूरी प्रदान की जाती है। यह प्रमाणित किया जाता है कि ये यात्राएं अविलम्ब की जानी थीं और लोक हित में जरूरी थीं।

5. मै इस दौरे में न तो कहीं सरकारी अतिथि रहा और न मुझे सर्किट हाउस, निरीक्षण बंगले, डाक बंगले, विश्राम गृह, होस्टल या बोर्डिंग हाउस, में ठहरने का कोई स्थान दिया गया जिसके लिए मुझे ··· ······के अलावा कोई किराया अदा करना पडा हो।

कार्यशाला में अभ्यास :

निम्नलिखित स्थितियों के अनुसार टिप्पणियां हिन्दी में लिखी जाएं अथवा मसौदे हिन्दी में तैयार किए जाएं :—

1. आप दिल्ली से मद्रास 5 दिन के दौरे पर गए। वहां तीन दिन तामिलनाडु सरकार के अतिथि (मेहमान) रहे। दो दिन अपने प्रबन्ध से ठहरे। वापस आने पर ये तथ्य अपने कार्यालय को बताना, और जाने और आने के समय और तारीख सूचित करना जिनके आधार पर यात्रा भत्ता बिल तैयार किया जा सके।

2. श्री·········की बदली गोहाटी के लिए हुई है। वह अपने साथ अभी अपने परिवार को नहीं ले जा सकते क्योंकि उनकी पुत्री वहां बी॰ ए॰ के अन्तिम वर्ष म पढ़ रही है। उन्होने प्रार्थना की है कि परिवार को गोहाटी अगले मई मास

तक आने की अनुमति दे दी जाए। इसकी प्रार्थना मान लेने का प्रस्ताव करना

3. आपके कार्यालय के निदेशक तथा एक अन्य राजपत्रित अधिकारी 3 अधीनस्थ कार्यालयों का दौरा करने वाले हैं। एक जगह यात्रा वायुयान से करेंगे, एक जगह रेल से जाएंगे और एक जगह कार द्वारा। तीनों कार्यालयों में एक-एक दिन काम रहेगा। दौरा कार्यक्रम तैयार करके सम्बन्धित कार्यालयों को सूचित करना।

4. श्री ········को दौरे पर बंगलौर जाना था। इसके लिए उन्होंने पहले दर्जे की सीट भी रिजर्व करवा ली थी किन्तु अचानक एक अन्य आवश्यक सरकारी काम से उन्हें रुक जाना पड़ा और यात्रा स्थगित करनी पड़ी। टिकट वापिस करने पर उन्हें ········· रुपये कम मिले। यह राशि उन्हें देने की मंजूरी करने का प्रस्ताव रखना।

गजट अधिसूचनाएं

राजभाषा अधिनियम के अनुसार सभी अधिसूचनाएं (Notifications) हिन्दी और अंग्रेजी, दोनों ही भाषाओं में, निकलनी आवश्यक हैं। जिस प्रकार आप उनका अंग्रेजी प्रारूप स्वयं बना लेते हैं उसी प्रकार हिन्दी प्रारूप आप स्वयं बनाने का प्रयत्न करें।

कुछ उदाहरण :—

1. राष्ट्रपति केन्द्रीय सचिवालय सेवा के अनुभाग अधिकारी ग्रेड के स्थायी अधिकारी श्री ········को 27 दिसम्बर, 1971 से लेकर 20 मार्च, 1972 तक की अवधि के लिए उस सेवा के प्रथम ग्रेड में स्थानापन्न रूप से नियुक्त (appoint) किया है।

2. राष्ट्रपति···············विभाग के स्थायी निदेशक श्री··· ···· ---का सेवाकाल 24 फरवरी, 1972 के पूर्वाह्न (forenoon) से एक वर्ष के लिए और बढ़ाते हैं।

3. श्री ········को राष्ट्रपति 27 फरवरी, 1974 से भारतीय विदेश सेवा के वरीय वतन-क्रम (सीनियर स्केल) में स्थायी करते हैं।

4. श्री ··· सेवा-निवृत्त उप-सचिव की 20 जुलाई, 1975 से रेलवे बोर्ड में सलाहकार के पद पर पुनर्नियुक्ति की जाती है।

5. विदेश में प्रशिक्षण लेकर लौटने पर श्री...... ....उप सचिव, भारत सरकार, सहकारिता विभाग की सवाएं...... ......के पूर्वाह्न से राष्ट्रीय विकास निगम को सौंपी जाती है ।

कार्यशाला में अभ्यास :

निम्नलिखित अवसरों के लिए अधिसूचनाओं का मसौदा तैयार करिए—

1. आपके मंत्रालय के अनुभाग अधिकारी को स्थानापन्न रूप में तीन महीने के लिए अवर सचिव बनाया गया है ।
2, डेपुटेशन से पुन: अपने पुराने विभाग को वापिस लौटने पर ।
3. कुछ अधिकारियों को अपने पद में स्थायी किए जाने पर ।

रेलवे कार्यालयों से सम्बन्धित विषय

टिप्पणियों और मसौदों के उदाहरण :

1. कृपया पृष्ठ..........के पत्र का अवलोकन करें तथा दुर्घटना रिपोर्ट (acciden report) के साथ कार्यवाही (proceedings) और जांच परिणाम (findings) की एक प्रति देने का प्रबन्ध करें । साथ ही यह भी बताएं कि समर्थ प्राधिकारी (competent authority) द्वारा वह स्वीकृत हो चुके है या नहीं
2. ....स्टेशन पर गाड़ी का पटरी से उतर जाना (derailment) साधारण सी दुर्घटना थी । पटरी से उतरने के थोड़ी देर बाद ही वह गाड़ी उसी इंजन के साथ दुर्घटना स्थल से चली गई ।
3. इस मामले में जांच करने पर पता चला है कि परेषित माल को सुपुर्दगी (delivery) से पहले फिर से तौला गया था और उसका भार 77 किलोग्राम निकला था जबकि रेलवे बिल्टी में 75 किलोग्राम दर्ज है । अत: रेलवे के पास रहते हुए माल में कमी का प्रश्न नहीं उठता ।
4. इस मामले में मण्डल परिचालक अधीक्षक (divisional operating superintendent) ने सूचित किया है कि इस मण्डल के किसी भी क्षेत्र में माल डिब्बे देने में अनावश्यक देरी नही हुई है ।

5. इस विषय के परेषण (consignment) का माल न मिलने के सम्बन्ध में व्यापारी ने लिखा है। इस बारे में..........के स्टेशन मास्टर से पूछताछ करने पर पता चला है कि यह माल..............स्टेशन पर देरी से आया था और परेषिती (consignee) ने अधिक देर हो जाने के कारण माल नहीं छुड़ाया।

6. दिनांक 16 जनवरी, 1976 को 16 अप गाड़ी..........स्टेशन पर पन्द्रह मिनट तक ..... के कारण रुकी रही। खराबी की जांच की जा रही बताते है इस सम्बन्ध में पूरी रिपोर्ट कृपया शीघ्र प्रस्तुत की जाए।

7. मुझे आपको सूचना देनी है कि इस माल का लदान प्रेषक द्वारा स्वयं किया गया था। उस पर रेलवे कर्मचारियों का कोई पर्यवेक्षण नही रहा।

8. सलग्न सूची में दिए गए विवरण के अनुसार इतर (foreign) रेल टिकटों का माग-पत्र आपके कार्यालय मे आवश्यक पड़ताल करने तथा शीघ्र ही उसे सहायक अधीक्षक, टिकट प्रिंटिग प्रेस,..........को भेजने के लिय प्रेषित किया जा रहा है। भेजने की सूचना कृपया सम्बन्धित स्टेशन मास्टर तथा इस कार्यालय को दे दें।

कार्यशाला में अभ्यास :

निम्नलिखित स्थितियों के अनुसार मसौदा हिन्दी में बनाइए अथवा टिप्पणी हिन्दी मे लिखिए :—

1. आपके स्टेशन पर दो डिब्बों में कुछ ऐसे पार्सल आए हैं जो दूसरे स्टेशन को जाने थे। उस स्टेशन को सूचित करना है कि इन पार्सलों को अगली गाड़ी से भेजने का प्रबन्ध किया जा रहा है।

2. पिछली रात आपके स्टेशन के समीप मालगाडी दुर्घटनाग्रस्त हो गई। उसकी रिपोर्ट ऊपर के अधिकारियों को भेजनी है।

3. ....स्टेशन पर हुई दुर्घटना में कई यात्रियों को गम्भीर चोट पहुंची हैं। रेल पटरी को नुकसान पहुंचने से आवागमन (गाड़ियों का आना) भी रुक गया। तुरन्त सहायता कार्य का प्रबन्ध करना है, लाईन ठीक करानी है और दुर्घटना की जाच भी।

4. .... स्टेशनों के बीच बिना टिकट वालों की काफी वृद्धि पाई गई है। उसको रोकने के उपायों के सम्बन्ध में विचार और विशेष दस्ते भेजने की व्यवस्था करना।

5. आपके स्टेशन के माल गोदाम पर काफी ऐसा माल इकट्ठा हो गया है जिसके भेजने और पाने वाले का पता नहीं। उनको नीलाम कराने का प्रस्ताव बनाना और नीलामी की सूचना अखबारों में देना।

केन्द्रीय उत्पाद शुल्क (सैन्ट्रल एक्साइज) विभाग के विषय

टिप्पणियों आदि के उदाहरण :-

1. मैंने लाईसेंसदार के स्थान का मुआइना (निरीक्षण) किया। उसके स्टाक की जांच की। कोई असगति नही मिली।

2. कृपया अभिग्रहण (seizure) रिपोर्ट देखें। यह अपराध रजिस्टर में पृष्ठ...... पर क्रम संख्या...... में दर्ज है।

3. सम्बन्धित पक्ष ने कारण बताओ नोटिस का जवाब दे दिया है। उसका तारीख........ का उत्तर फाइल मे पृष्ठ.........पर रखा है।

4. अपने उत्तर में सम्बन्धित पक्ष ने मामले के सभी तथ्यों को स्वीकार किया है। उस पर जिस अपराध का आरोप था उसका दोषी होना वह स्वीकार करता है। उसका कहना है कि वह कानून से अनभिज्ञ था (उसे कानून की जानकारी नहीं थी) और इसलिए गलती हो गई। वह क्षमा प्रार्थना करता है।

5. मैं केन्द्रीय उत्पाद कर नियमावली 1944 के नियम...... के अधीन........ की जब्ती का आदेश देता हूं तथा सम्बन्धित पक्ष को इस बात का विकल्प (option) देता हूं कि वह इस आदेश की प्राप्ति के तीन महीने के अन्दर जब्ती के बदले में रु० 1000 (रुपये एक हजार मात्र) का दण्ड देकर जब्त किए माल को छुड़ा ले। माल छुड़ाते समय उपयुक्त दरों से उन पर देय शुल्क का भुगतान करना होगा।

6. अपील की अवधि समाप्त हो गई है। इस मामले में सम्बन्धित पक्ष ने कोई अपील नहीं की है।

7. यदि अनुमोदन हो तो नीचे के अधिकारियो से प्राप्त रिपोर्टो के आधार पर तैयार की गई रिपोर्ट सहायक कलक्टर को प्रस्तुत (पेश) कर दी जाए।

श्री ......इस मामले की पूरी-पूरी जाच करें और........ तक........ अपनी रिपोर्ट दे।

कार्यशाला में अभ्यास :-

1. विभाग के इस्पेक्टर ने कुछ ऐसा माल पकडा जो बिना उत्पाद शुल्क (एक्साइज ड्यूटी) चुकाए और बिना लाइसेस के ट्रक में ले जाया जा रहा था। ट्रक का ड्राइवर माल छोड कर भाग गया। उस माल को जब्त कर लेने का प्रस्ताव रखना और समर्थ अधिकारी की ओर से तत्सम्बन्धी आदेश का प्रारूप बनाना।

2. नियमों का उल्लघन करने पर कुछ माल पकड लिया गया। उसके मालिक से स्पष्टीकरण मागा गया उसमे कुछ दोष मान लिया, किन्तु अन्य आरोपो के बारे मे अपनी सफाई पेश की और व्यक्तिगत सुनवाई की माग की। उसे व्यक्तिगत सुनवाई के लिए बुलाना।

3. सर्वश्री ....– के गोदाम मे रखा गया बिना डयूटी का माल.........क्विटल था, पडताल करने पर ...... क्विटल कम पाया गया। गोदाम के मालिक से कमी के बारे मे स्पष्टीकरण मागना और जो स्पष्टीकरण प्राप्त हुआ है उसके आधार पर निर्णय करना कि क्या मामला समाप्त कर दिया जाए या आगे और कार्यवाही की जाए।

4. सर्वश्री... ... के माल पर 5200 रु॰ का उत्पाद शुल्क लिया गया था। उनको अपील पर विचार हो जाने पर उन्हे 1400 रु॰ वापस लौटाने का निश्चय किया गया। इस राशि का बिल पास करके उसको भिजवाना और यह सूचित करना कि ऊसका भुगतान दो महीने के भीतर सरकारी खजाने से प्राप्त कर ले और भुगतान प्राप्ति की तारीख आपके कार्यालय को सूचित कर दे।

डाक तार विभाग के विषय

टिप्पणियों और मसौदों के कुछ उदाहरण :

1. सम्बधित मनीआर्डर इस कार्यालय मे दिनाक...... को आया था और प्राप्त कर्ता को उसका भुगतान दिनॉक........ को कर दिया गया था। भुगतान का प्रमाण पत्र सलग्न है।

प्रमाण पत्र संलग्न है

बचत बैंक से रुपया निकालन के फार्म पर एजेन्ट के नमूने के हस्ताक्षर तथा जमा कर्ता के अंगूठे के निशान की तसदीक डाकघर के परिचित किसी विश्वस्थ साक्षी द्वारा की जानी चाहिए।

वे सभी पास बुके जो लेन देन के सिलसिले में खिड़की पर प्राप्त हों ब्याज जोड़ने के लिए प्रधान डाकघर भेज दी जानी चाहिए।

जमाकर्ता के हस्ताक्षर रिकार्ड में रखे हस्ताक्षर के नमून से भिन्न है।

5. खाता लिपिक ने जो ब्याज लगाया है वह गलत है। जो अधिक भुगतान हुआ है उसे वसूल कर लिया जाए।

6. जो डाक इस कार्यालय में········ तक पहुंच जानी चाहिए थी, वह······बजे पहुंची। उसमें·········डाकघर की गलत भेजी हुई वस्तुएं भी काफी बड़ी संख्या मे थी। उनको छांटा गया और इस डाकघर को भेज दिया गया। डाक के बारे मे असावधानी से की गई इस कार्यवाही के कारण पत्र अनावश्यक रूप से रुके पड़े रहे।

7. सम्बन्धित रजिस्ट्री पत्र इस कार्यालय में प्राप्त नहीं हुआ। जिस व्यक्ति के नाम पत्र भेजा गया था उसका लिखित बयान भी सलग्न है।

8 रात्रि की डाक आज विलम्ब से मिली है। इसलिए इसे वितरण के लिए शामिल नही किया जा सकता है।

9. यह पूना से नई दिल्ली को भेजे गए एक तार क देर से पहुंचने का मामला है। जाच से पता चला है कि सचार स्थिति ठीक न होने के कारण पारेषण (transmission) के दौरान तार में देरी हो गई। और फलस्वरूप तार दो दिन बाद गन्तव्य स्थान (destination) पर पहुंचा। इसलिए हम शिकायत-कर्ता को तार की लागत वापस कर दे और अपनी ओर से खेद भी प्रकट कर दे।

10 पोस्ट मास्टर········ ने तार में बताया है कि बीमा हुआ पत्र श्री·········· के नाम था और उसका ···रु० के लिए बीमा किया गया था। बीमा रजिस्ट्री पत्र के प्रेषक श्री ······ है।

11 अपना टेलीफोन न०······ ···· लगवाते समय आपने······रु० जमा किए थे, उनमे से आपके नाम निम्नलिखित किराया तथा ट्रंक काल बिलों के मद्दे बकाया······ रु० की राशि समायोजित (adjust) करके शेष·······रु० सरकारी मनिआर्डर मे आपको वापिस किए जा रहे हैं।

12. गुम हुए पार्सलों के बारे मे अधिक पूछताछ करनी हो तो उनके प्रेषकों के द्वारा

कृपया उस डाकस्थान से करें जहां से उनका प्रेषण हुआ था।

कार्यशाला में अभ्यास :—

निम्नलिखित स्थितियों के अनुसार टिप्पणियां हिन्दी में लिखिए अथवा मसौदा हिन्दी में तैयार कीजिए :

1. श्री ...: ने दो वर्ष पूर्व टेलीफोन लगवाने के लिए प्रार्थना पत्र दिया। उन्होंने अब जानना चाहा है कि टेलीफोन लगने में कितना समय और लगेगा। उनकी बारी अभी दूर है। प्रतीक्षा सूची में उनका 250 वां नम्बर है। उन्हें सूचित करना कि प्रतीक्षा सूची के अनुसार बारी आने पर और टेलीफोन सलाहकार समिति की स्वीकृति हो जाने पर ही टेलीफोन लगाया जाएगा, इसके लिए कोई निश्चित अवधि नहीं बताई जा सकती।
2. कानपुर से 100 रु० का मनी[illegible]नागपुर भेजा गया, किन्तु दो महीने बीतने पर भी वह नहीं पहुंचा। रेल[illegible]व्यवस्था के रिकार्ड के अनुसार उन्होंने यह मनीआर्डर कानपुर से प्राप्त ह[illegible]आगे नागपुर भेजा। वहां जांच करने की आवश्यकता है कि मनीआर्डर [illegible] किसको दी गई। स्थिति नागपुर के पोस्ट मास्टर से मालूम करनी है। [illegible]सकी सूचना शिकायतकर्ता को देनी है।
3. मेरठ से दिनांक.........को [illegible] रजिस्ट्री- पत्र स .....ठिकाने पर नहीं पहुंचा है। भेजने वाले ने इसकी शिकायत की है। मालूम करना है कि क्या वह रजि[illegible] गन्तव्य स्थान पर और सही व्यक्ति को बांट दिया गया और यदि बांटा गया तो प्राप्तकर्ता की रसीद की प्रति मंगाना।
4. दिनांक.........को प्रात: 10 बजे जयपुर का बीमा हुआ पत्र सं० .....दिनांक ...... [illegible]ओ-16 आउट की दिनांक... .....की रजिस्ट्री सूची क्रमसंख्या... ....[illegible]विधिवत् दर्ज है, आपके पास फटी हुई दशा में प्राप्त हुआ है। इसका वजन [illegible]0 ग्राम की बजाए 170 ग्राम है और 3 मोहर टूटी हुई है। इसकी सूचना [illegible]त कार्यालय को देना।
5. ....ग्राम में डाकघर खोलने के लिए ग्राम के प्रधान ने लिखा है। उस ग्राम की जनसंख्या.........है, वहां से निकटतम डाकघर [illegible] कि० मी० की दूरी पर है। [illegible]ग की नीति के अनुसार ऐसी स्थिति में वहां डाकघर खोला जा सकता है (या नहीं खोला जा सकता है) तदनुसार प्रस्ताव बनाकर आदेश के लिए प्रस्तुत करना और ग्राम प्रधान को उत्तर का मसौदा बनाना।
6. आप के डाकघर में बाहर से आने वाले पत्रों की संख्या लगातार बढ़ रही है और 3 वर्ष पहले की अपेक्षा अब दुगने पत्र आ रहें है लेकिन डाकियों की संख्या पहले जितनी ही है। यह संख्या अपर्याप्त है (काफी नहीं है)। इसको बढ़ाने के लिए डाकघरों के अधीक्षक से अनुरोध करना।